वर्ष- 21 अंक - 323 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 09 मई 2026

## भीषण आग से बुजर्ग की मौत, कई गाड़ियां राख

**गाजियाबाद.एजेंसी।** गाजियाबाद के पटेल नगर में एसी सर्विस सेंटर में भीषण आग लग गई। इस दौरान एसी गैस सिलेंडर और कंप्रेसरों में लगातार धमाके होते रहे। इस हादसे में 80 साल के बुजुर्ग की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि कई वाहन जलकर राख हो गए।

# बंगाल में भी भगवा राज

## शुभेंदु के साथ दिलीप घोष की भी शपथ



**कोलकाता ● एजेंसी**

बंगाल की राजनीति में आज नया इतिहास रचा जा रहा है। यहां पहली बार भाजपा की सरकार बन रही है। याने कि अब बंगाल में भी भगवा राज शुरू हो रहा है। पहले ममता की पार्टी से बगावत करने और अब ममता को हराने वाले शुभेंदु अधिकारी आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे हैं। उनके साथ दिलीप घोष को भी शपथ दिलाई जा सकती है, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। कोलकाता के परेड ग्राउंड में एक लाख लोगों की भीड़ के समक्ष हो रहे शपथ समारोह स्थल पर झालमुड़ी का स्टॉल भी लगाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा व एनडीए के तमाम मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह के लिए पहुंच रहे हैं। ममता बनर्जी को भी न्योता दिया गया है। यह शपथ रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के दिन हो रही है।

### *समारोह स्थल पर लगा झालमुड़ी का स्टॉल, मोदी सहित कई नेता पहुंचे ममता को भी दिया न्योता*

### अधिकारी भी कुंवारे

**प्रधानमंत्री मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की तरह बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी अविवाहित हैं। जबकि उनके भाई शादी कर चुके हैं।**

## हिमंता की तरह शुभेंदु भी भाजपा के पुराने नेता नहीं

2007 में नंदीग्राम आंदोलन की अगुवाई करने वाले शुभेंदु अधिकारी ने ममता को सिंहासन तक पहुंचाया था और 34 साल पुराने वाम मोर्चा शासन को उखाड़ फेंका था। 2020 में जब ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को पार्टी की कमान सौंपी तो शुभेंदु नाराज हो गए। उन्होंने ममता सरकार से इस्तीफा दे दिया फिर तृणमूल कांग्रेस भी छोड़ दी। 19 दिसंबर 2020 को अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा का झंडा उठाया। यहीं से शुभेंदु भाजपा के वह 'सारथी' बन गए, जिन्हें बंगाल के भूगोल और वोटर्स की नब्ज का पता था। 6 साल की अथक मेहनत, रणनीति, जनसंपर्क और संगठन विस्तार का नतीजा है कि आज वो शुभेंदु अधिकारी, जिन्हें ममता अपना सबसे भरोसेमंद मानती थीं वह उसी बंगाल के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

### पुलिस ने भी छोड़ा ममता का साथ

बंगाल में ममता का राज खत्म होते ही कोलकाता पुलिस ने भी ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सहित तृणमूल के तमाम नेताओं से दूरी बना ली। सोशल मीडिया पर पुलिस ने ममता और अभिषेक बनर्जी को अनफॉलो कर दिया। जबकि मोदी और अमित शाह तथा प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय के आधिकारिक हैंडल को फॉलो करना शुरू कर दिया।

# तमिलनाडु में शपथ पर ग्रहण



## विजय की पार्टी पर फर्जी समर्थन पत्र देने का आरोप

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु के चुनाव में एक्टर विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। उम्मीद थी कि आज विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, लेकिन उनकी शपथ पर ग्रहण लग गया। विजय के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं है। इस बीच एएमएमके पार्टी के प्रमुख टीटीवी दिनाकरन ने विजय की पार्टी पर अपने दल के समर्थन वाला फर्जी पत्र राज्यपाल को सौंपने का आरोप लगाया है और कहा है कि हम आपराधिक शिकायत दर्ज कराने जा रहे हैं।

एएमएमके प्रमुख टीटीवी दिनाकरन ने देर रात मन्नारगुड़ी से चुनाव जीतने वाले पार्टी के इकलौते विधायक एस कामराज के लापता होने की राज्यपाल से शिकायत की थी। आधी रात के बाद वह कामराज को साथ लेकर लोकभवन पहुंच गए।

दिनाकरन ने दावा किया है कि उनकी ओर से राज्यपाल को सौंपा गया पत्र ही वैध है, जिसमें एआईएडीएमके के समर्थन की बात थी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को टीवीके के समर्थन का जो पत्र दिया गया है, वह फर्जी है।

## 15 मई से पहले मंहगा होगा पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल के कारण तेल कंपनियों को हर महीने 30,000 से ज्यादा का नुकसान हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 मई से पहले बढ़ोतरी की जा सकती है।

## बेंगलुरु गए कांग्रेस के 4 विधायक

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु में राजनीतिक उठापटक के बीच खबर है कि तमिलनाडु कांग्रेस के 4 विधायक भी बेंगलुरु पहुंच गए हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार खुद उनकी कमान संभाल रहे हैं। विधायकों की इस गुपचुप आवाजाही ने राज्य में 'रिजॉर्ट पॉलिटिक्स' की सुगबुगाहट तेज कर दी है।

## पंजाब में मंत्री के यहां 20 गाड़ियों से छापा

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी ने सुबह-सुबह छापेमारी की है। ईडी के अधिकारी करीब 20 गाड़ियों में पहुंचे हैं। संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-2 आवास पर ईडी ने छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक सुबह 7:25 बजे रेड की कार्रवाई शुरू हुई।

## ममता की पार्टी में अंतर्कलह!

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद टीएमसी में अंदरूनी असंतोष खुलकर सामने आ गया है। पार्टी ने अपने पांच प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन नेताओं पर पार्टी नेतृत्व और खासकर अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सार्वजनिक बयान देने का आरोप है।

## केरलम कांग्रेस में सीएम पद पर घमासान

**शनिवार.एजेंसी।** केरल में कांग्रेस गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर तीन प्रमुख नेताओं के बीच गुटबाजी और मतभेद जारी हैं। केसी वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और वीडी सतीशन के समर्थकों के बीच तनाव बढ़ा है, जिससे पार्टी के अंदरूनी हलचल तेज हो गई है।

## राजा सुब्रमणि बने देश के नए सीडीएस और कृष्णा स्वामीनाथन होंगे नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली ● एजेंसी**

केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को देश का अगला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया है। वह वर्तमान सीडीएस जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई, 2026 को समाप्त हो रहा है। इसके साथ ही, भारत सरकार ने नए नौसेना प्रमुख के तौर पर वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की नियुक्ति की है। वह 31 मई 2026 को भारतीय नौसेना के नए चीफ ऑफ नेवल स्टाफ (सीएनएस) का पद संभालेंगे।



## तेलंगाना में 800 साल पुराने शिव मंदिर पर चला बुलडोजर

**वारंगल.एजेंसी।** तेलंगाना के वारंगल जिले में एक प्राचीन शिव मंदिर को गिराए जाने से लोगों में भारी गुस्सा भड़क उठा है। माना जाता है कि यह मंदिर लगभग 800 साल पुराना है और काकतीय युग का है। खानपुर मंडल के अशोक नगर गांव में एक ऐतिहासिक मिट्टी के किले के अंदर स्थित इस मंदिर को एक इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जमीन समतल करने के काम के दौरान गिरा दिया गया।

# धाकरे का ब्लॉक अध्यक्ष विकेट गिराया

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पर टिप्पणी पर त्वरित एक्शन, वन्दे मातरम गान पर कार्रवाई को लेकर चुप्पी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद चिंटू चौकसे के खिलाफ कई कांग्रेस नेताओं ने अनुशासनहीनता की थी, फिर कांग्रेस इकाई बनी तब भी अनुशासनहीनता हुई, समानान्तर कांग्रेस चलाने की कोशिश भी हो रही है फिर भी कांग्रेस चुप है। इधर वन्दे मातरम गान का मुद्दा नगर निगम में ऐसा गूंजा कि इंदौर के अलावा यह मुद्दा प्रदेश और देश की सुर्खियों में भी आया। कांग्रेस ने अपने दोनों पार्षद के बयान भी इंदौर के बजाए देवास में करवा दिए थे और यहां तक कि एक पार्षद ने भाड़ में जाए कांग्रेस और भाड़ में जाए अध्यक्ष तक कह दिया था, लेकिन कांग्रेस ने आज तक चुप्पी साधे रखी। इधर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुलसिंह धाकरे ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के संबंध में टिप्पणी की और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को शिकायत प्राप्त हुई तो त्वरित एक्शन हुआ और कहा गया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के मामले में राहुलसिंह धाकरे ने अशोभनीय भाषा का उपयोग किया उनका यह कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में प्रदेश कांग्रेस ने माना और ब्लॉक अध्यक्ष पद से उनका विकेट तत्काल प्रभाव से गिरा दिया उन्हें पद से मुक्त कर दिया क्योंकि मामला प्रदेश कांग्रेस प्रभारी से जुड़ा हुआ था। इसके पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ कई कांग्रेसियों ने मुंह खोला उनका मुंह आज भी खुला हुआ है, उनके मुंह पर ना तो नोटिस की गाज गिरी ना ही कोई कार्रवाई हुई।



## विधानसभा अध्यक्ष ने की नगर अध्यक्ष के निवास पर शिरकत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की भाभी के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर मिश्रा के निवास पर पहुंचे। दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि की। इस दौरान गोलू शुक्ला, रणवीरसिंह रावत सहित अन्य मौजूद थे।

## किराया तीन गुना सुविधा जीरो, पसरा सन्नाटा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** क़ांग्रेस नेता ने बताया कि सिटी बस कम्पनी ने दिव्यांग विद्यार्थी, सीनियर सिटीजन का किराया जो पहले 200 रु. पास था उसे 600 रु. कर दिया गया और आमजन का किराया जो 800/- था उसे भी बढ़ाकर 1200/- कर दिया गया है परन्तु फिर भी वहीं पुरानी और खटारा बसें चल रही हैं जिनके एसी बंद पड़े हैं और भरी गर्मी में यात्री पसीना पसीना हो रहा है। सीटें फटी हुई हैं, पकड़ने के लिये लगें पाईप निकल रहें हैं, बसों का कोई समय ही नहीं है,जब चाहें जहां चाहे बसें बंद हो जाती हैं। आखिर इनका रख-रखाव करने की जवाबदेही किसकी है। यात्रियों को होने वाली परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।



## कैलाश विजयवर्गीय का डांस



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मंत्री प्रहलाद पटेल के बेटे प्रबल पटेल की शादी तिरुपति के होटल लेमन में हुई। बड़ी संख्या में दिग्गज नेताओं ने इस विवाह आयोजन में शिरकत की, जिनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान सहित कई दिग्गज मंत्री-नेता भी मौजूद रहे। वहीं मंत्री प्रहलाद पटेल के निमंत्रण पर पहुंचे उनके खास मित्र कैलाश विजयवर्गीय ने भी वहां लुंगी डांस किया और शादी के जश्न में शिरकत भी की।

## महिलाओं के लिए एक्सपोर्ट और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



महिलाओं को एक्सपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 'एक्सपोर्टः अवसर, चुनौतियां, समाधान' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों, व्यापारियों और एक्सपोर्ट क्षेत्र में रुचि रखने वाली महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में एक्सपोर्ट क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने महिलाओं को व्यापार और निर्यात के नए अवसरों की जानकारी दी। वहीं म.प्र. सरकार की एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, राकेश अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, हिमांशु प्रजापति, आरती खाले, वंदना गुजराती, श्रेष्ठा गोयल सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



## खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ तोमर ने किया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लकी वांडर्स क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा का आयोजन चिमनबाग मैदान पर कल से शुरू हुआ, जो 10 मई तक चलेगा। इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर, विधायक मनोज पटेल, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता पहुंचे थे।

## गोविंद गाथा परिचर्चा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा नेता रहे गोविंद मालू की स्मृति में प्रेस क्लब में गोविंद गाथा परिचर्चा का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक मालिनी गौड़, मनोज पटेल, पत्रकार शरद द्विवेदी कार्यक्रम के अतिथि थे। कार्यक्रम के सूत्रधार अरविंद तिवारी थे, स्वागत लव मालू ने किया।

## ख़ंडेलवाल का किया लोहा व्यापारियों ने सम्मान



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ में प्रदेश संयोजक मनोनीत होने पर धीरज खंडेलवाल का सम्मान लोहा व्यापारियों ने किया। रमेश खंडेलवाल, प्रदीप गुप्ता, इशहाक चौधरी, सतीश गुप्ता, शैलेंद्र सोनी, देवेंद्र कोठारी, मोहम्मद पीठावाला, हरबंस लाल अरोड़ा, अनूप अग्रवाल, नीरव बंटी, फिरोज महूवाला, बुरहानुद्दीन शकरुवाला, शब्बीर बूटवाला, सुरेश मोहता मौजूद थे।



## भाजपा बूथ को कार्यकर्ताओं के माध्यम से और बनवाएगी सशक्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा कार्यालय पर कल नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने मासिक बैठक बुलाई थी जिसमें मंत्री, विधायक, महापौर, प्रभारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिम्मेदार भी मौजूद रहे। सभी ने यही कहा कि हर मंडल को प्रतिमाह एक नवाचार कार्यक्रम करना चाहिए। बूथों को अधिक सशक्त कार्यकर्ताओं के माध्यम से बनाए, बूथ स्तर पर भी मासिक बैठक का आयोजन होना चाहिए क्योंकि भाजपा का प्रमुख अंग ही बैठक है और इस बैठक के माध्यम से ही हम योजना बनाते है, चर्चा करते है, सामूहिक निर्णय लेकर कार्य करते है, इससे बूथ स्तर पर और मजबूती भाजपा को मिलेगी, सभी ने भाजपा की तीन प्रदेशों की जीत पर बधाई दी। सुमित मिश्रा, रणवीरसिंह रावत, राजेशसिंह सोलंकी, तुलसीराम सिलावट, शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, मालिनी गौड, मनोज पटेल, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, गोपीकृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता, नेहा शर्मा, भूपेन्द्र केसरी, कंचन गिदवानी, नितिन शर्मा, गुलशन यादव, वरुण पाल, निधि बंग, शिवानी अड़सपुरकर, राजेश चौहान, गौतम शर्मा, राकेश शर्मा, दीप्ति हाडा, मंजू ठाकुर, इंदू श्रीवास्तव, रीतेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।







## चलो मम्मा वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम स्वस्छ सर्वेक्षण अभियान तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत आज सुबह मदर्स-डे स्पेशल पर चलो मम्मा वॉकथॉन का आयोजन नेहरू स्टेडियम से किया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने इस वॉकथॉन में शिरकत की, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने फ्लैग ऑफ किया। इस दौड़ में माताएं अपने बच्चों के साथ वॉकथॉन में एक साथ दौड़ती नजर आई।

# कांग्रेसियों के चक्काजाम पर प्रकरण तो भाजपाइयों के जाम पर क्यों नहीं?

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस प्रवक्ता अमीनुल खान सूरी ने कहा कि शहर के मध्य महूनाका चौराहा पर एक भाजपा नेता से पुलिस से हुए विवाद के बाद भाजपाइयों के समूह ने चक्काजाम कर दिया और पुलिस से बदमिजाजी भी की और उलटा पुलिस पर बदमिजाजी का आरोप लगाया। काफी देर तक रोड जाम रहा और कल यातायात दबाव के समय यातायात जमकर बाधित होता रहा। महिला निरीक्षक के साथ भी बदमिजाजी हुई और एकतरफा कार्रवाई राजनीतिक दबाव के कारण की गई। दो दिन पहले कांग्रेस ने जब हाईवे पर चक्काजाम किया तो कांग्रेसियों पर चक्काजाम हो गया और जब भाजपाइयों ने महूनाका पर जाम लगाया तो उलटा तीन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई कर दी गई। भाजपाई अपनी कॉलर ऊंची कर पाक-साफ हो गए और पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अमीनुल खान ने कहा कि क्या भाजपा नेता और कार्यकर्ता कानून से ऊपर है या वे बगैर हेलमेट के घूम सकते हैं या पुलिस महकमा भाजपा के आगे झूक चुका है। अगर वास्तव में पुलिस की गलती है तो वह फुटेज भी सार्वजनिक किया जाए नहीं तो भाजपाइयों की ज्यादती सामने लाई जाए। अमीनूल खान ने कहा कि क्या पुलिस भाजपाइयों पर कार्रवाई करने का साहस दिखा पाएगी। एक तरफ भाजपा केन्द्र सरकार में महिला आरक्षण पास नहीं कर रही है उलटा अपनी गलती को कांग्रेस पर थोप रही है। आरक्षण पास करना तो दूर उलटा महिला पुलिस कर्मियों के साथ भाजपाई गलत कर रहे हैं, उनको लाइन अटैच भी करवा रहे हैं।



## मुकदमा दर्ज करने से कांग्रेस और किसान की आवाज दबेगी नहीं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने कहा कि किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस ने एबी रोड पर चक्काजाम किया था और कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मोतीसिंह पटेल ने कहा कि किसानों के मुद्दे पर हम आवाज दबाने वाले नहीं है। पटेल ने यहां तक कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन एक हजार बार एफआईआर दर्ज कर लें, हम किसानों की समस्या उठाते रहेंगे।

# ई-रिक्शा सर्विस सेंटर में लगी आग

## बैटरी में शॉर्ट सर्किट से भड़की लपटें, दमकल ने पाया काबू

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे एक ई-रिक्शा सर्विस सेंटर में आज सुबह आगजनी की घटना हो गई। गनीमत रही कि आग को समय रहते देख लिया गया, जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण ई-रिक्शा की बैटरी में हुआ कोई इंटरनल फॉल्ट बताया जा रहा है।

द्वारकापुरी क्षेत्र स्थित सर्विस सेंटर में रोजाना की तरह काम चल रहा था, तभी वहां रखी ई-रिक्शा की एक बैटरी में अचानक शॉर्ट सर्किट या तकनीकी फॉल्ट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते बैटरी से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। सर्विस सेंटर में मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन बैटरी के केमिकल के कारण आग तेजी से फैलने लगी। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल की एक गाड़ी तुरंत पहुँची और पानी की बौछार कर आग पर नियंत्रण पाया। दमकल कर्मियों की सक्रियता से आग को अन्य ई-रिक्शा और आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। इस आगजनी में ई-रिक्शा की एक बैटरी पूरी तरह जलकर खाक हो गई है।



# कल होगा अश्विन जोशी का अंतिम संस्कार

### आज रात तक अमेरिका से लौटेगा बेटा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता अश्विन जोशी का कल सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। जोशी का बेटा आदित्य जोशी विदेश में कार्यरत है। कल सुबह उनके निधन के बाद परिजनों ने आदित्य से सम्पर्क क़रने की कोशिश की लेकिन अमेरिका में रात होने की वजह से सम्पर्क देरी से हो सका जिसके बाद वह जैसे-तैसे अमेरिका से निकल सका। सम्भवत आज रात तक आदित्य इन्दौर पहुंचेंगे। जिसके बाद कल जोशी का अंतिम संस्कार होगा। हालांकि परिजनों ने फिलहाल इसको लेकर समय तय नहीं किया है। बेटे आदित्य के इंदौर आने के बाद ही अंतिम संस्कार का समय और रूपरेखा तय की जाएगी। इधर सोशल मीडिया पर कल दिन भर जोशी को याद किया, उनकी स्मृति में कई लोगों ने जोशी से अपने संबंधों को लेकर अलग-अलग वाक्य सांझा किए। कल सुबह सूचना मिलने के बाद जोशी के समर्थक अस्पताल और उनके इमली बाजार स्थित निवास पर पहुंचे। इसी बीच एक तस्वीर यह भी नजर आई कि सूचना मिलते ही सुमित मिश्रा और रमेश मेंदोला अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने जोशी परिवार को ढांढस बंधवाया। वहीं जीतू पटवारी भी अस्पताल पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों जोशी परिवार के ही दीपक जोशी पिंटू को हार्टअटैक आया था तब भी सबसे पहले अस्पताल कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे थे।

## फेसबुक पर सुमित मिश्रा के समर्थक रहते हैं सक्रिय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा अध्यक्षों की सूची में ऐसे 10 अध्यक्षों का नाम सामने आया जो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं और उनके समर्थक भी फालोवर्स के रूप में संख्या बढ़ाने का काम करते हैं। धार के नीलेश भारती इस मामले में नम्बर-1 है और दूसरे नम्बर पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा है। जहां नीलेश भारती के फालोवर्स 51 हजार है, वहीं मिश्रा के फलोवर्स 34 हजार है, तीसरे नम्बर पर प्रेमसिंह राजपूत ग्वालियर ग्रामीण है जिनके फालोवर्स 32 हजार है और दसवें नम्बर पर राजेश धाकड़ उज्जैन ग्रामीण है जिनके फालोवर्स 24 हजार है।

# मंत्री नहीं बन पाए लेकिन राजा की तरह सभी के दिलों पर राज किया!

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भय ऐसा कि हर कोई मिलने से पहले झिझकता, उनसे बात करना हो तो पहले सभी उनका मूड देखते, तेवर ऐसे कि अच्छे-अच्छे हिल जाते। इतना सब कुछ लेकिन हर शख्स को पता था कि बाबा दिल के बहुत अच्छे हैं। यही कारण था कि एक बड़ा वर्ग था जिनके लिए बाबा सदैव प्रिय रहे और वे सब बाबा के भी उतने ही प्रिय जो उन्हें जानता और समझता था, उसे पता रहता कि बाबा के गुस्से में भी प्यार छुपा होता है।

वाकई अश्विन जोशी ने राजनीति में अपनी खास पहचान बनाई, उनकी राजनीति का सबसे अहम पहलू यह रहा कि वे इस शहर के लिए सोचने वाले हर व्यक्ति के साथ समय बिताते। ऐसे समय जब राजनीति के रंग बदल गए, वे शहरहित में होने वाली चर्चाओं, गोष्ठियों में शामिल होते, अपनी राय भी रखते और दूसरों को सुनते भी। इससे हर विषय पर उनका एक निखरा व्यक्तित्व नजर आता था, राजनीति क्षेत्र में काम करते समय कई तरह की परिस्थितियाँ सामने आती है। कभी पक्ष तो कभी विपक्ष, लेकिन बाबा ने अपना जूझारुपन, आक्रामकता और निडरता वाला स्वभाव नहीं बदला हमेशा उनकी धमक बरकरार रही।

बात तब की है जब कांग्रेस की राजनीति में उनका संघर्ष का दौर था, तब कांग्रेस में आसानी से पद प्रतिष्ठा मिलना आसान नहीं था। केंद्र में सरकार होने से पापा (कल्याण जैन, पूर्व सांसद) को इंदौर जिले की टेलीफ़ोन सलाहकार समिति के गठन का अवसर मिला। पापा ने इंदौर के 30 नामचीन जो सामाजिक, पत्रकारिता, राजनीति के क्षेत्र के धुरंधर रहे, को समिति में शामिल करा दिया। विरोधी दल के होने के बावजूद, अश्विन जोशी की अनुशंसा भी पापा ने की। तब इस समिति का बहुत महत्व हुआ करता था। वो दिन है, और जब तक सक्रिय रहे, बाबा इसका हमेशा उल्लेख करते रहे। वे कई बार सार्वजनिक रूप से कहते, जब मुझे मेरी पार्टी में कुछ नहीं मिला तब कल्याण दादा ने मुझे प्रतिनिधित्व दिया। हालाँकि बाद में बाबा तीन बार कांग्रेस से विधायक बने। मंत्री नहीं बन पाए लेकिन राजा की तरह अपने चाहने वालों और समर्थकों के दिलों पर राज किया।

पारिवारिक संबंध होने से, जब मेरी मुलाकात उनसे होती, मैं उन्हें सपरिवार घर आने का निमंत्रण देता। अकेले कई बार आए लेकिन पहले भाई पंकज जोशी और अब बाबा के चले जाने से, सबको साथ बुलाने की कसक रह गई। विनम्र श्रद्धाभाव

**-अन्ना दुराई**

# योग्यता अनुसार विभागों में हो अधिकारियों की नियुक्ति

## नगर निगम आयुक्त बोले सभी कार्यपालन यंत्री और अधिकारियों की डिग्री चेक करके रिपोर्ट दें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के सभी विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति उनकी योग्यता और डिग्री के अनुसार होनी चाहिए जो अधिकारी जिस विषय में स्नातक है उसको वहीं विभाग दिया जाए अगर किसी को अन्य विभाग दे दिया गया है तो उसका विभाग तुरंत बदल जाए और उसकी स्नातक डिग्री एवं काम की योग्यता को देखते हुए ही स्थापना विभाग द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जाए। यह कहना है नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल का, उन्होंने स्थापना विभाग के अपर आयुक्त मनोज पाठक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में अपवाद नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। सभी विभागों की रिपोर्ट तैयार करके प्रमुख पदों पर नियुक्त अधिकारियों की योग्यता की जांच करें और जहां पर विपरीत स्थिति बन रही है उसको दूर करके सूचित करें।

**जनकार्य विभाग के कार्यपालन यंत्री श्रीकांत काटे की डिग्री भी सिविल की नहीं थी इसीलिए बदला विभाग**

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने यह आदेश इसीलिए दिए हैं कि अक्सर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री उस काम को करने में रुचि दिखाते हैं जिसमें उनके लिए आसान और फायदेमंद होता है। कई बार मंत्री, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने पसंद के अधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियुक्त करवाने पर जोर देते हैं इसके अलावा कई अधिकारी सिफारिश भी लगवाते हैं। ऐसी स्थितियां दूर करने के लिए निगम आयुक्त ने स्थापना विभाग को निर्देशित किया है कि सभी इंजीनियर की डिग्री का विशेष ध्यान रखा जाए। बी. सिविल मैकेनिकल इलेक्ट्रिक कंप्यूटर साइंस जैसी ब्रांच के डिग्री धारी को इस विभाग में भेजा जाए।

हाल ही में नगर निगम के जानकारी विभाग में एक मामला सामने आया जिसमें जनकार्य विभाग के कार्य पालन यंत्री का पद मैकेनिकल इंजीनियर श्रीकांत काटे को दिया गया, जब सवाल उठे तो नगर निगम आयुक्त ने इस संबंध में जांच करवाई स्थापना विभाग से पाया गया की शिकायत सही है और सिविल वर्क वाले क्रनकार्य विभाग में मैकेनिकल डिग्री में पढ़ाई करने वाले श्रीकांत काटे को कैसे नियुक्त किया जा सकता है जिसके बाद नगर निगम आयुक्त ने उन्हें जनकार्य विभाग से मुक्त कर दिया और उनके स्थान पर सिविल इंजीनियर पीएस कुशवाहा को नियुक्ति दी गई है। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कौन-कौन से विभाग में विपरीत योग्यता अनुसार अधिकारी नियुक्त किए गए हैं उनकी जानकारी एक सप्ताह में निकाल कर प्रस्तुत करें।

वहीं नगर निगम के विद्युत विभाग में भी इस तरह की अपवाद वाली स्थिति बनी हुई है। नगर निगम के कार्यपालक नियंत्रक अश्विन जनवादे भी सिविल इंजीनियर है उनकी डिग्री के अनुसार उनको सिविल इंजीनियरिंग से जुड़ा हुआ विभाग मिलना चाहिए लेकिन उन्हें विद्युत विभाग का कार्यपालन यंत्री बनाकर रखा गया है जबकि वे इलेक्ट्रिककल ब्रांच से बीई नहीं है। अगर नगर निगम का स्थापना विभाग एक पदस्थापनाओं को खंगाले तो कई विपरीत और अपवाद वाली स्थितियों मिलेगी। नगर निगम में वरिष्ठ पदों पर काम करने वालों की कमी है सबसे अधिक कार्यपालन यंत्री और उपायुक्त नगर निगम के पास नहीं है जबकि यह पद वरिष्ठ और कनिष्ठों में समन्वय स्थापित करने वाला है। यही से किसी भी काम आदेश निर्देश को नीचे के कर्मचारी तक पहुंचाया जाता है और काम को गति दी जाती है।



# चोरी कर वाहन ले जाते हुए कैमरे में कैद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। शहर में वाहन चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही है। चोर के फुटेज सामने आने के बाद भी कई वारदातों में पुलिस के हाथ खाली है और वे चोर तक नहीं पहुंच पाते है। फुटेज में कई चोरों के तो क्लीयर फोटो भी नजर आते है।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र के सांवेर रोड सी सेक्टर से स्कूटर एक्सेस क्रमांक एमपी 09 ईए 2294 को अज्ञात बदमाश चुराकर ले गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाश कैद हुए है। एक्सेस को बिना चालू किए बदमाश ले जाते हुए नजर आ रहे है। बाइक सवार एक्सेस को पैर लगाकर धक्का दे रहा है। इस मामले में पुलिस को फरियादी हिमांशु पिता रवि ने शिकायत की है। पुलिस चोर की तलाश में जुटी है।

# कनाडिया रोड पर निगम ने किया ऐलान

## हटा लो ठेले-गुमटी वरना कर लेंगे जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम के द्वारा कनाडिया रोड पर अनाउंसमेंट करते हुए ऐलान कर दिया गया है कि जिन भी लोगों ने सड़क पर ठेला और गुमटी लगाई है वे लोग उसको हटा ले अन्यथा नगर निगम के द्वारा कार्रवाई करते हुए इन सभी को जब्त कर लिया जाएगा।**

नगर निगम की टीम के द्वारा कल शाम को कनाडिया क्षेत्र में भ्रमण करते हुए बार-बार अनाउंसमेंट किया गया। इस अनाउंसमेंट में निगम की टीम के द्वारा यह कहा गया कि जिन भी लोगों ने सड़क पर ठेला लगाया है या गुमटी लगाई है। इसके अलावा जो लोग सड़क पर बैठकर कारोबार कर रहे हैं तो ऐसे सभी लोग अपने कारोबार को सड़क के क्षेत्र पर से हटा लें। इस सड़क पर अब यातायात का दबाव बढ़ने लगा है। शाम के समय पर बड़ी संख्या में



वाहन चालक अपना वाहन लेकर इसी सड़क पर से निकलते हैं। ऐसे में सड़क पर किए गए कब्जे के कारण यातायात जाम होने की स्थिति बन जाती है। जिसके चलते हुए वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और पूरे क्षेत्र में यातायात की व्यवस्था बिगड़ जाती है। इस स्थिति को सही करने और सुधारने के मकसद से नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र से लोगों के कब्जे हटाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कारण कल शाम को नगर निगम की रिमूवल गैंग की पीली गाड़ी इस क्षेत्र में पहुंच गई थी। इस गाड़ी के माध्यम से निगम के कर्मचारियों के द्वारा अनाउंसमेंट करते हुए लोगों को चेतावनी दी गई। निगम के द्वारा उठाए गए इस कदम के कारण क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई थी। क्षेत्र में जिन लोगों के द्वारा कब्जा किया गया है उन लोगों को यह आशंका पैदा हो गई कि कहीं नगर निगम अभी ही उन पर कार्रवाई नहीं कर दें। निगम की टीम के द्वारा भी क्षेत्र में अतिक्रमण और कब्जे को हटाने का माहौल बनाने का काम किया गया और उसके बाद में बहुत देर तक निगम की गाड़ी वहीं पर सड़क के किनारे खड़ी रही। बाद में इस गाड़ी को लेकर निगम के कर्मचारी रवाना हो गए। अब ऐसा समझा जाता है कि आज भी शाम को नगर निगम की गाड़ी इस क्षेत्र में पहुंचेगी और संभव है कि जिन लोगों के द्वारा अपने कब्जे को नहीं हटाया जाएगा तो ऐसे लोगों पर निगम की टीम के द्वारा कार्रवाई कर दी जाएगी।

# श्रीनगर में नागरिकों की शिकायत बगीचे से नहीं उठता है कचरा







## कई जगह पेवर ब्लॉक टूटे-फूटे होने के कारण बदलने की भी उठी मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज सुबह श्रीनगर कॉलोनी में गए तो स्वच्छता की स्थिति का जायजा लेने गए थे लेकिन नागरिकों ने उनके सामने बगीचे से कचरा नहीं उठने की शिकायत कर दी। इसके साथ ही टूटे-फूटे पेवर ब्लॉक दिखाते हुए उन्हें बदलने की भी मांग कर दी।

भार्गव ने विधानसभा क्रमांक-5 के वार्ड 43 स्थित श्रीनगर उद्यान एवं कालिंदी पार्क कॉलोनी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहवासियों से स्वच्छता, उद्यानों के रखरखाव और जल संरक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की। महापौर ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जहां सफाई व्यवस्था बेहतर पाई गई, वहां संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों का उत्साहवर्धन भी किया। महापौर द्वारा बैकलाइन ओर मुख्यमार्ग का भी अवलोकन किया, वही नागरिकों ने चर्चा के दौरान कई जगहों पर पेवर ब्लॉक लगाने के लिए आग्रह किया जिस पर महापौर द्वारा सहमति देते हुए अधिकारी को निर्देशित किया।

महापौर ने स्थानीय नागरिकों से क्षेत्र में विकसित उद्यानों के रखरखाव और नियमित साफ सफाई को लेकर सुझाव लिए। उन्होंने दरोगा एवं सीएसआई को निर्देश दिए कि उद्यानों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

महापौर ने रहवासियों से जल संरक्षण का विशेष आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पानी अमूल्य संसाधन है और इसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जितना अधिक हम पानी बचाएंगे, उतना ही सुरक्षित भविष्य आने वाली पीढ़ियों के लिए तैयार कर पाएंगे।

# मानपुर और मांगलिया में दो सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। मानपुर और मांगलिया थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। मानपुर में जहां ट्रक और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मांगलिया में लापरवाही से रिवर्स लिए जा रहे ट्रक ने एक युवक की जान ले ली। पुलिस ने दोनों मामलों में ट्रक जब्त कर चालकों के खिलाफ सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

मानपुर थाना क्षेत्र में 4 मई की रात को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। बाइक पर सवार होकर जा रहे प्रदीप और राजकुमार को सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक एमपी-46 झेडई 4695 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने जांच के बाद पाया कि ट्रक चालक बेहद लापरवाही से वाहन चला रहा था। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी घटना क्षिप्रा थाना क्षेत्र के मांगलिया टोल नाके के पास स्थित स्मार्ट सिटी कॉलोनी के सामने की है। यहाँ 10 अप्रैल की दोपहर को धीरज नामक युवक अपनी बाइक से गुजर रहा था, तभी ट्रक एमपी 09 एचजी 3964 के चालक ने अचानक और लापरवाही से वाहन को रिवर्स लेना शुरू कर दिया। पीछे से आ रहे धीरज को संभलने का मौका नहीं मिला और वह ट्रक की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल धीरज को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ हफ्तों चले इलाज के बाद आखिरकार उसने दम तोड़ दिया।

# 2 दिन पहले सुलगी चिंगारी ने कल पकड़ी आग!

## महूनाका पर शुरू हुआ विवाद तब मौजूद नहीं थी टीआई फिर भी उन्हीं पर कार्रवाई पर अड़े रहे कार्यकर्ता

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कल महूनाका पर चेकिंग पॉइंट पर क्षेत्रीय भाजपाई कार्यकर्ता और ट्रैफिक पुलिसकर्मीयो के बीच छोटे विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। हालांकि इस विवाद की प्राथमिक वजह भले ही कल का मामूली विवाद था, जबकि इसके पीछे कारण 2 दिन पहले हुए एक घटनाक्रम को माना जा रहा है। जिसका प्रमाण यह है कि मौके पर टीआई राधा यादव नहीं थी,इसके बावजूद कार्यकर्ता उन्हें हटाने पर अड़े रहे।

शहर में ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग के दौरान कई बार छुटपुट कहासुनी होना आम बात है। लेकिन कल एक विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। महूनाका पर भाजपा के विधानसभा-4 प्रभारी वीरेंद्र शेडगे ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया। घटना के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। यातायात पुलिस ने विरोध बढ़ते देख एक्शन लेते हुए ट्रैफिक थाना में पदस्थ कॉन्स्टेबल शेखर और सूबेदार लक्ष्मी को निलंबित करने की बात कही वही ट्रैफिक टीआई राधा यादव को कार्यालय में अटैच कर दिया है। हालांकि तीनों को ही फिलहाल कार्यालय में अटैच किया है। अब इस मामले में चर्चा यह है कि मौके पर टीआई राधा यादव नहीं थी,वह बाद में पहुंची उसके बावजूद कार्यकर्ता उन पर कार्रवाई का दबाव बनाते रहे। सूत्रों के मुताबिक इस मामले की चिंगारी 2 दिन पहले उठी। जब पलसीकर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान टीआई राधा यादव ने एक वाहन को रोका था। जब वाहन चालक ने क्षेत्र के वजनदार नेता से फोन पर बात करवाना चाही तो टीआई ने इनकार कर दिया था। जानकारी यह भी आई है कि जिन्हें रोका गया था,वह भी शासन के कर्मचारी ही थे। इसलिए कल हुए मामले को अब पलसीकर क्षेत्र के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल टीआई यादव पर तो कार्यालय पर अटैच होने की ही कार्रवाई हुई। थाना प्रभारी यादव को कथित लापरवाही के आरोप में फील्ड ड्यूटी से हटाकर पुलिस उपायुक्त कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### दबी आवाज में पुलिसकर्मियों में भी रोष

इस मामले में सड़कों पर चेकिंग करने वाले जवानों में भी रोष है। दरअसल चेकिंग को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टारगेट पुलिसकर्मियों को दिया जाता है। इसे पूरा करने में कल जब विवाद हुआ तो सहायक पुलिस आयुक्त सुप्रिया चौधरी के अलावा ट्रैफिक के कोई अफसर मौके पर नहीं पहुंचे। पूरे मामले में अन्नपूर्णा पुलिस और अधिकारियों ने लीड किया। जबकि सूत्रों के मुताबिक़ टारगेट पूरा नहीं करने वाले पुलिसकर्मियों का वेतन भी काटा जा रहा है। इसलिए पुलिसकर्मियों में रोष है, हालांकि वर्दी और नौकरी होने के कारण सभी की आवाज दबी है।

# पिपलिया पाला, बिलावली तालाब तक पानी पहुंचाने का रास्ता कर रहे हैं साफ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

***निगम ने शुरू किया पानी के चैनल की सफाई का अभियान, चैनल में समस्या होने से बारिश का पानी नहीं पहुंच पाता है तालाब तक***

इंदौर नगर निगम के द्वारा पिपलिया पाला और बिलावली तालाब तक पानी पहुंचाने वाली चैनल की सफाई का काम तेज गति के साथ किया जा रहा है। इस चैनल को साफ कर दिए जाने के कारण



बारिश के मौसम में बारिश का पानी तेज गति से तालाब तक पहुंच सकेगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा इस समय व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

हमेशा से यह शिकायत रही है कि तालाब की चैनल पर लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया, अतिक्रमण करते हुए चैनल के रास्ते को बंद कर दिया गया और उसके परिणाम स्वरूप बारिश का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पाता है। कई बार विधानसभा में भी विधायकों के द्वारा इस बारे में सवाल लगाए जा चुके हैं। हमेशा सवाल के जवाब में नगर निगम की ओर से कहा जाता है कि हम चैनल को कब्जे से मुक्त करने का काम कर रहे हैं। निगम यह दावा तो कर देता है लेकिन हकीकत में काम नहीं होता है। इस बार निगम के द्वारा एक अभियान के रूप में चैनल को साफ करने और उस पर कहीं भी यदि कोई कब्जा है तो उसे हटाने का काम किया जा रहा है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों बिलावली तालाब और पिपलिया पाला तालाब तक पानी पहुंचाने वाली चैनल को साफ करने का काम किया जा रहा है। बारिश के मौसम में जब बारिश होती है तो फिर दूर के स्थान पर हुई बारिश का पानी भी चैनल के माध्यम से प्राकृतिक रूप से बहते हुए तालाब तक पहुंच जाता है। यह तभी संभव हो पाता है जब चैनल साफ हो और उसमें पानी के बहाव में कोई बाधा पैदा नहीं हो रही हो।

निगम के द्वारा वर्तमान में बिलावली तालाब एवं पिपलियापाला तालाब से संबंधित विभिन्न चैनलों पर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत केलोद करताल चैनल की कुल लंबाई 3000 मीटर है, जिसमें से अब तक लगभग 1200 मीटर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। मोरोद माचला चैनल की कुल लंबाई 3500 मीटर है, जिसमें लगभग 1050 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है। राऊ-बिलावली चैनल की कुल लंबाई 4000 मीटर है, जिसमें अब तक 1800 मीटर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पिपलियापाला तालाब चैनल, मधुर मिलन गार्डन से पिपलियापाला तक कुल 1000 मीटर लंबाई में विकसित किया जा रहा है, जिसमें अब तक 300 मीटर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा इन चैनलों से गाद, कचरा एवं अवरोध हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाया जा रहा है, जिससे वर्षा का पानी बिना किसी रुकावट के तालाबों तक पहुंच सके। इस अभियान के माध्यम से शहर के पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्य को 30 मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के हिसाब से काम करते हुए काम को जल्दी से जल्दी पूरा करने और बेहतर स्थिति में लाने की कोशिश की जा रही है। इस कोशिश में निगम के द्वारा 6 पोकलेन मशीन लगाई गई है। इन मशीनों के माध्यम से हर दिन सुबह से लेकर शाम तक काम करते हुए शाम को अंजाम तक पहुंचाने का प्रयास चल रहा है।

# बगैर स्वीकृति के चल रहे एसिड उद्योग को कराया बंद



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम के एसडीएम अजय भूषण शुक्ला द्वारा ग्राम सनावदिया में संचालित बगैर स्वीकृति के एसिड फैक्ट्री पर कार्रवाई की और फैक्ट्री को सील कर काम बंद कराया। तहसीलदार दयाराम निगम, आरआई कैलाश चौधरी, पटवारी बालेश्वर चौधरी सहित अन्य टीम ने निरीक्षण किया। यहां एसिड पैकिंग यूनिट पाई गई। यह जगह इदरिश पिता इनायत पटेल की है, जिन्होंने अजय पिता राम चौरसिया को एसिड उद्योग संचालन के लिए दे रखी थी। अधिकारियों ने बताया कि असुरक्षित तरीके से एसिड की पैकिंग की जा रही थी, जिससे आसपास के लोगों को खतरा हो सकता था। उद्योग सील करने के बाद भी वैधिका कार्रवाई की जा रही है



## नाबालिग भटका तो पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। किशनगंज थाना क्षेत्र के डायल-112 के जवानों को 11 वर्षीय बालक के रास्ता भटकने पर उसे सुरक्षित परिजनों से मिलाने का काम किया गया। 112 टीम की कृष्णा एवं सुनील, राजेन्द्र ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर बालक को अपने संरक्षण में लिया, जिसे परिजनों से मिलाया गया।



# 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आर्ट ऑफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान एवं नयनतारा स्पोर्ट्स एंड योगा वेलफेयर सोसायटी, द्वारा गुरुदेव श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव पर 21 नवयुगल जोड़ों के विवाह को लेकर पदाधिकारियों मनीष सोनी राजेन्द्र चौहान , मुकेश खंडेलवाल,सुरेश पटेल ने मीडिया से चर्चा कर जानकारी देते हुए बताया कि विवाह समारोह में आदिवासी समाज की कन्याएँ भी शामिल होंगी। इन नवविवाहित कन्याओं को आशीर्वाद स्वरूप लगभग 50,000 तक का गृहस्थी उपयोगी सामान कन्यादान के रूप में प्रदान किया जाएगा।

# अल-हिरा स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल फेंसिंग चैंपियनशिप में अल-हिरा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड,10 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज़ के साथ कुल 33 मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। गोल्ड मेडल विजेता 8: इरम फातमा, अरहम मंसूरी, अलीशान मंसूरी, मोहम्मद तोहिद, अयान कुरैशी, आशना खान, सारा मंसूरी, मोहम्मद शाद ने गोल्ड मेडल हासिल किए। सिल्वर मेडल विजेता 10: अबू बकर रहमानी, महक शेख समद, निमरा नज़र, मोहम्मद अज़हान अशरफ, अबीर खान, अब्दुल हन्नान हुसैन, ज़ैनुल आबेदीन मंसूरी, ज़ैनब फातमा, अलीज़ा फातमा, मो. राहत खान ने सिल्वर मेडल हासिल किए। ब्रॉन्ज़ मेडल विजेता 15: फरीमा फातमा मंसूरी, असमा कुरैशी, मिस्बाह शेख, अलीफ़ा बी, अरफा अंजुम, अक्सा इमरान शेख, शायन खान, मोहम्मद असद रज़ा, इजहान मंसूरी, मदीहा खान, यमाना खानम, इकरा, अज़रा इरफ़ान, आयशा खान और तंज़िला मज़हर खान ने ब्रॉन्ज़ पर कब्ज़ा किया। फेंसिंग खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रिंसिपल याकूब मेमन ने इन्हें बधाई दी है।

## रहवासियों से की अधिकारियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चर्चा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिंगल यूज प्लास्टिक को शहर मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने झोन 18 के वार्ड 64 के अंकुर आवास परिसर में पहुंचकर रहवासियों से संवाद किया। उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताए। इस दौरान झोनल अधिकारी अतीक खान, अविनाश श्रीनिवास, महेश कप्तान एवं रहवासी मौजूद थे।

# पुलिस अधिकारी ने किया निरीक्षण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



पुलिस अधिकारी डीसीपी राजेशकुमार त्रिपाठी ने कल चौराहों पर पहुंचकर यातायात पुलिस की व्यवस्था को देखा कि किस तरह ड्यूटी दी जा रही है, किस तरह यातायात नियंत्रित हो रहा है इसमें और क्या बेहतर किया जा सकता है। लेफ्ट टर्न, सिंग्नल टाइमिंग, वाहनों का किस समय दबाव ज्यादा होता इसका बारिकी से अवलोकन किया, आवश्यक दिशा-निर्देश भी मौजूद पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान अधिकारी रामस्नेही मिश्रा, रूबीना मिजवानी, अंशुल अग्रवाल, अरविंद दांगी और क्षेत्रीय थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

# आज सुबह फिर करीब आधा घंटा कर दी लाइट बंद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गुमाश्ता नगर, स्कीम नं. 71 में आए दिन बिजली गुल होती है। आज सुबह भी करीब 30 मिनट तक फीडर में काम के नाम पर सुबह 6.15 बजे ही लाइट बंद कर दी गई। कई लोग पंखा बंद होने के बाद नींद से जागे और विद्युत मंडल को कोसते नजर आए। गुमाश्ता नगर, स्कीम नं. 71, द्रविड़ नगर, समाजवादी इन्दिरा नगर एक्सटेंशन और आसपास के क्षेत्र प्रभावित हुए।

# अभिभाषक संघ कार्यकारिणी मंडल को भंग करने की मांग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट गोपाल कचोलिया ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर ने हाल ही में 5 मई को भोपाल अभिभाषक संघ के कार्यकारिणी मण्डल को भंग-कर 'तदर्थ समिति' की नियुक्ति की है। कचोलिया ने बताया कि वर्तमान कार्यकारी मंडल के पदाधिकारियों ने गत वर्ष 15 अप्रैल 2025 को वार्षिक चुनाव में चयन के बाद पदाधिकारियों ने 26 अप्रैल को पदभार भी ग्रहण कर लिया था। इस तरह पदाधिकारियों का कार्यकाल 25 मई को 2026 को पूरा हो चुका है और अभिभाषक संघ ने कार्यकारी मंडल के चुनाव नहीं कराए हैं। कचोलिया ने बताया कि चुनाव नहीं कराने के कारण भोपाल अभिभाषक संघ की तरह इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के वर्तमान कार्यकारिणी मण्डल को भी तत्काल भंग करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर ने इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के कार्यकारिणी मण्डल को केवल इसलिए भंग कर दिया था कि संघ के चुनाव निर्धारित एक वर्ष की समयावधि में नही हो पाये थे। एडवोकेट गोपाल कचोलिया ने मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के अध्यक्ष, सचिव से मांग की है कि इंदौर के वर्तमान कार्यकारी मंडल को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाए और हाई पावर इलेक्शन कमेटी गठित की जाए। उक्त पूर्ण जानकारी अभिभाषक गोपाल कचोलिया द्वारा दी गई।

# मेडिकल टूरिज्म एवं वैलनेस हब की दिशा में आगे बढ़ेंगे-संभागायुक्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पांच विशेष रीजनल मेडिकल हब स्थापित करने की योजना है। इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में बैठक में मेडिकल विशेषज्ञता रखने वाले तथा अलग-अलग क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी से इस सम्बंध में सुझाव लिए गए ताकि इस प्रस्तावित योजना को क्वालिटी ऑफ केयर एंड क्रेडिबिलिटी के साथ स्थापित किया जा सकें। बैठक के पश्चात संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि शासन को प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने से पहले इसके दीर्घ और लघु रूप में ठोस तैयारी की जाए। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म के चेयरमैन हेमेन्द्र सिंह चौहान, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा सहित



विभिन्न अस्पतालों के प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। भारत मेडिकल क्षेत्र में ग्लोबली वैलनेस डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। इसके लिए शासन की इस योजना को व्यवस्थित रूप से स्थापित करने के लिए जो व्यवस्थाएं या सुविधाएं अन्य शहर नही दे पा रहे है, उससे कुछ अलग देने के लिए हमें फोकस होना होगा। हमारे सबसे सकारात्मक पहलुओं के साथ ही इसमें कुछ और विशेषताएं शामिल करना होगी। बैठक में वर्तमान में संचालित अस्पतालों के विशेषज्ञता वाले पैकेजेस पर चर्चा की गई। वही अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स ने इस क्षेत्र में कदम बढ़ाने के पूर्व आवश्यक तैयारियों के सम्बंध में अपने सुझावों के साथ आवश्यकताएं भी बताईं। योजना के प्रथम चरण में अस्पतालों द्वारा किये जा रहे उपचारों और उनके पैकेज की सूची ली जाएगी, जिसके आधार पर अलग स्टेकहोल्डर्स इस दिशा में आगे बढ़ सकें। साथ ही एक पोर्टल बनाकर सभी को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। इनके लिए एसओपी भी तैयार की जाएगी। इसके अलावा इंश्योरेंस पोर्टेबलिटि पर भी आवश्यक रूप से काम किया जाएगा। हैल्थ केयर इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने की दिशा में भी सुझाव आये है। इसमें होम्योपैथी के साथ ही आयुर्वेद का भी कॉम्बो सेटअप करने की दिशा में काम किया जायेगा।

## हास्य नाटक गज फुट इंच का मंचन कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रंगरूप थियेटर द्वारा कृषि कॉलेज सभागार में कल रविवार 10 मई की शाम 7.30 बजे से हास्य नाटक गज फुट इंच का मंचन किया जाएगा। वरुण जोशी, फैजान खान ने बताया कि लेखक केपी सक्सेना है। यह नाटक 80 के दौर की यादो और रिश्तों को जोड़कर दर्शको को हँसा - हंसा कर लोटपोट कर देगा।



## भंडारी बने राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. औदीच्य ब्राह्मण महासभा युवा इकाई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन अवस्थी और महामंत्री पंकज जोशी की सहमति से इंदौर से राकेश भंडारी को शामिल किया गया। औदीच्य ब्राह्मण समाज से जुड़े पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने भंडारी को बधाई दी।

# कलेक्टर ने कहा-पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले लाभ

## नगर परिषदों में चल रहे शहरी विकास कार्यों की समीक्षा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिले की सभी नगर परिषदों में संचालित शहरी विकास एवं जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वर्मा ने पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने



स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं नागरिक सहभागिता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आवासीय पट्टा वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर वर्मा ने पात्र हितग्राहियों को पारदर्शिता के साथ लाभान्वित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। अमृत 2.0 योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी निर्माण एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शहरी विकास अभिकरण के प्रभारी अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर ओमनारायण बड़कुल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों एवं माह मई में जारी होने वाली ग्रेडिंग की भी समीक्षा की गई। शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा अनावश्यक लंबित प्रकरणों को तत्काल समाप्त किया जाए। उन्होंने भूमि आवंटन से संबंधित लंबित आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के त्वरित परीक्षण एवं निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही निकायों में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में नगरीय विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई।

# अग्रमंच ने किया मातृशक्तियों का सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था अग्रमंच ने कल रेस्टॉरेंट में वरिष्ठ माताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दीपिका आशीष गोयल ने बताया कि सम्मान के बाद माताओं ने अपने अनुभव भी साझा किए. अंताक्षरी, तम्बोला, गीतों की प्रस्तुति का आयोजन किया। उषा-राजेश बंसल प्रायोजक थे। संस्था की दीपिका आशीष गोयल, राधा गर्ग, रेखा अग्रवाल, अर्चना गौर, कृष्णा अग्रवाल, हेमा काबरा, उषा अग्रवाल, हंसा अग्रवाल, कीर्ति सिंगल, सुमन मित्तल, सविता गर्ग, सुनीता बंसल, राधा अग्रवाल, हंसा अग्रवाल, मोनिका गोयल, शिल्पा केडिया, चंचल गोयल, मोना अग्रवाल, सोनल गोयल, पुष्पा गर्ग, दीपाली गोयल, आरती अग्रवाल, कुमुद बिंदल, ऐश्वर्या गोयल, वंदना बंसल, रुचि अग्रवाल, राखी अग्रवाल, पलक सिंघानिया, वंदना गर्ग, स्वाति गोयल एवं कई राजनेताओं की पत्नी भी मौजूद रही।



## माँ नर्मदा का प्राकट्य उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में कल मां नर्मदा का प्राकट्य उत्सव मनाया। और माँ नर्मदा की लीलाओं की व्याख्या भी की गई। रविशंकर शास्त्री ने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह में सार्थक उदबोधन दिए। शिव जिंदल, कैलाश बंसल, अनिल अग्रवाल, मधुरम अग्रवाल, नितिन विजयवर्गीय, शाश्वत शुक्ला, देवांग शर्मा ने व्यासपीठ का पूजन किया।



## महालक्ष्मी-नारायण महायज्ञ व भागवत कथा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गांधीनगर क्षेत्र के बुडानिया में भागवत कथा और लक्ष्मीनारायण यज्ञ का शुभारम्भ हुआ उसके पहले कलश यात्रा भी निकाली गई। हेमलता शास्त्री के मुखारविंद से कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से आयोजित हो रही है।अंतरसिंह चौधरी और केदार सिंह चौधरी, जाग्रति चौधरी आयोजन से जुडे है। आचार्य प्रशांत महाराज ने महायज्ञ का उद्देश्य बताया।

## आर्ट वर्कशॉप का आयोजन

### प्लास्टिक के स्थान पर जूट के उपयोग को बढ़ावा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्रिएट स्टोरीज एनजीओ और आर्टवे गैलरी द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष्य में द इमेजिनेशन स्टेशन पर आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं और बच्चों के बीच के प्रेम को कला के माध्यम से अभिव्यक्त करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था जिसमें माताओं और उनके बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस दौरान आर्टिस्ट पूजा पाटीदार ने प्रशिक्षण दिया, जहाँ उन्होंने साधारण जूट के बैग्स को एक नया और आकर्षक रूप



देने की तकनीक सिखाई । पूजा ने प्रतिभागियों को बताया कि कैसे फैब्रिक कलर्स का सही इस्तेमाल कर साधारण दिखने वाली वस्तुओं को 'आर्टिस्टिक मास्टरपीस' में बदला जा सकता है। वहीं प्लास्टिक के स्थान पर जूट के उपयोग को बढ़ावा देने की जानकारी भी दी गई। जूट के बैग्स पर सुंदर आकृतियां उकेरीं और रंगों के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। जूट के उपयोग को बढ़ावा देकर संस्था ने सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल का संदेश दिया।

## इंदौरी कलाकार की बॉलीवुड में एंट्री

### फिल्म 'जीना दिल से' इसी माह होगी रिलीज़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बालीवुड में अब कई जगह इन्दौरी कलाकार टीवी और ओटीटी प्लेटफार्म और वालीवुड में भी अदा के मामले में नजर आ रहे है। इन्दौर के कलाकार यश पुरोहित की अभिनीत फिल्म




'जीना दिल से' इसी माह होगी रिलीज़ होने जा रही है। कॉमेडी से भरपूर फिल्म दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर करेगी। इसी माह फिल्मी प्रदर्शित होने जा रही है। सुरेश-अंजना पुरोहित के पुत्र यश ग्राम पिपली से ताल्लुक रखते है। अब हंसी मजाक वाली यश पुरोहित की फिल्म जीना दिल से...दर्शकों को भी हंसाएंगी।



## बहुमंडल के आयोजन में जैन मातृशक्तियां

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बहुमंडल कांच मंदिर से जुडी जैन समाज की मातृशक्तियों ने पशु, पक्षी जीव दया प्रकल्प के अन्तर्गत हुकुमचंद मार्ग इतवारिया बाजार के निवासियों को सकोरों का वितरण किया और उसमें पानी और खाद्य सामग्री रखने की अपील भी की गई। सभी को यही कहा कि भगवान महावीर के संदेश जीयो और जीने दो की भावना से काँच मंदिर प्रांगण से अभियान पूरे शहर में चलाया जा रहा है।इस अवसर पर नकुल पाटोदी भी मौजूद रहे। वहीं मातृशक्तियों में कांच मंदिर बहुमंडल की पूजा कासलीवाल, रुपल जैन, वर्षा जैन, वंदना जैन, नेहा सेठी, नीलू जैन, दीपाली गोधा, पवित्रा जैन सेवा कार्य में मौजूद थी।

## बौद्ध समाज का परिचय सम्मेलन कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अंबेडकर विचार मंच द्वारा बौद्ध समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल रविवार को गांधी हाल में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। युवक-युवती मंच से अपना परिचय साझा करेंगे। उच्च शिक्षित डाटा भी इस सम्मेलन की शोभा बढ़ाएगा।

## हज यात्रियों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पटेल परिवार द्वारा आयोजित हज यात्रियों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। दिलीप राजपाल, युनूस पटेल, अयूब पटेल, मोहसीन पटेल, आरिफ खान, जितेन्द्र परमार, महेश शर्मा, किशन भालसे, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, जावेद लाला सहित अन्य मौजूद थे।



## पुलिस उपायुक्त ने किया पदभार ग्रहण



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुलिस आयुक्त झोन-4 के पद पर सुनील मेहता आईपीएसकी नियुक्ति की गई थी। कल उन्होंने पदभार ग्रहण करने के साथ ही कार्यालयीन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से परिचय लिया।

## शीतलनाथ मंदिर में ध्वजारोहण का मुख्य महोत्सव



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन में ध्वजारोहण का मुख्य महोत्सव आयोजित किया गया। यह भी कहा कि ध्वजा मंदिर के जीवंत होने का भी प्रमाण है। भगवान के दर्शन हर किसी को सहज रूप से नहीं हो पाते लेकिन ध्वजा के दर्शन तो हर समय हो सकते हैं। सांसद शंकर लालवानी, संजय नाहर, सुशील कुकड़ा एवं चेतन भडारी, जयसिंह जैन, दिलीप जैन, दीपक जैन टीनू, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, रीतेश सेखावत, सतीश जैन, दिनेश धींग, नितिन बावेल, यशवंत जैन, अजय जैन, कांतिलाल लुणावत, अभय राखेचा, जवाहर लोढ़ा, विमल नाहर, राजेंद्र जैन मौजूद थे। छह दिवसीय महोत्सव का समापन भी हुआ, संतों का सान्निध्य भी मिला।

# बरसात के पहले सफाई के लिए कसी कमर



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नगर पालिका द्वारा खरगोन के शहरी इलाके में बरसात के पूर्व नाले से अतिक्रमण हटाने से लेकर सफाई कार्य स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस साफ-सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मचारियों की टीम ने कमर कस ली है। बस स्टैंड के दोनो और नगर पालिका के 17 कर्मचारियो कि टीम ने रात्री के समय नालियो से जमा हुआ कचरा, पानी बोतल, प्लास्टिक पोलीथीन और अन्य जमा हुआ सडन वाले कचरे को निकाल कर ट्रेचिंग ग्राउंड परिसर भिजवाने का क्रम जारी रखा। बरसात के पूरा काम कम्पलीट हो इसके लिए जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर-ट्राली का उपयोग किया जा रहा है।

### वार्ड 50 के ग्रामीण क्षेत्र में

# नए सत्र से पहले पौने दो करोड़ लागत से नई स्कूल बिल्डिंग की मिलेगी सौगात

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े पिपलियाहांना गांव के बच्चों के लिए आने वाले दिनों में नए शिक्षा सत्र से पहले नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत यहां निगम द्वारा करीब पौने तीन करोड़ की लागत से दुर्गा माता मंदिर के सामने एकदम आधुनिक शैली में तीन मंजिला स्कूल इमारत का निर्माण किया जा रहा है। जहां क्षेत्र के 350 से ज्यादा बच्चों को आने वाले नए शिक्षा सत्र से नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जबकि पहले हालात यह थी कि यहां तीन शेड वाली चद्दर का सालों पुराना केवल ग्राउंड फ्लोर पर बना एक मंजिला स्कूल भवन था जहां बच्चे तीन से चार कमरों में बड़ी मुश्किल से बैठ पाते थे। यही नहीं क्षेत्र के छोटे बच्चों के लिए पहली से आठवीं तक के लिए यहां एक मात्र सालों पुराना शासकीय स्कूल भवन था। जहां



इस पुराने स्कूल भवन में बच्चों के बैठने के लिए बैंचों की जगह जमीन पर टाट पट्टी बिछाकर काम चलाना पड़ता था। हालांकि अब यहां क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से सालों बाद नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है।

**तीन मंजिला नवीन स्कूल इमारत में हो रहें 13 से 14 कमरें तैयार-** वहीं खास बात यह है कि वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े पिपलियाहाना ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों के लिए पहली बार नई आधुनिक शिक्षा नीति के तहत निगम द्वारा करीब पौने तीन करोड रुपए की लागत से तीन मंजिला आधुनिक शैली में नई स्कूल बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें करीब 13 से 14 नए कमरें तैयार हो रहे हैं। जिनमें वर्तमान में रंगाई पुताई के साथ टाइल्स लगाने का काम तेजी के साथ चल रहा है। क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन का कहना है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द गर्मी की छुट्टियों के बाद नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले हमारा प्रयास है कि यहां तैयार हो रही नई स्कूल बिल्डिंग में 350 से ज्यादा बच्चें अपनी अगली क्लास की पढ़ाई नई तैयार इमारत में आसानी से कर सकेंगे। जिसको लेकर हम लगातार निगम अफसरों से संपर्क कर जल्द स्कूल बिल्डिंग का काम पूरा करवाने के प्रयास कर रहें हैं। ताकि क्षेत्र के गरीब मध्यवर्गीय जरूरत मंद बच्चें निजी स्कूल में महंगी फीस भरने के बजाय कम फीस में नई सरकारी स्कूल बिल्डिंग में पढ़ाई कर सके। जहां आने वाले दिनों में आधुनिक शैली में शिक्षा स्मार्ट क्लास रूम में प्रोजेक्टर की मदद से बच्चों को मिलने वाली है। इसको लेकर हम सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं के सहयोग से भी यहां बच्चों के लिए लैब और कम्प्यूटर की सौगात भी दिलाने के प्रयास करेंगे।

# रेवती रेंज की पहाड़ी पर 12 लाख पौधों को जिंदा रखने की चुनौती का सामना कर रहा नगर निगम

**इंदौर।** नगर निगम के सामने एक बार फिर रेवतीरेंज पर लगाए गए 12 लाख 50000 पौधों को जिंदा रखने की चुनौती इस भीषण गर्मी में है। नगर निगम द्वारा 2 साल पहले इस बंजर पहाड़ी को हरा भरा करने के लिए नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और एमआईसी राजेंद्र राठौर ने लक्ष्य निर्धारित किया और इसके बाद एक ही दिन में इस पहाड़ी पर लाखों की संख्या में पौधे लगाए गए इसके बाद से ही यहां जीवित रखने की चुनौती है क्योंकि पहाड़ी पर पानी नहीं है। पथरीली जमीन होने के कारण यहां बोरिंग करने पर पानी नहीं मिला इसके बाद टैंकरों के माध्यम से पहाड़ी पर एक तालाब बनाया गया जो की पानी स्टोर करने के काम आ रहा है।

मामले में एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगभग 10 करोड रुपए की लागत से 12 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डालने का काम 85% पूरा हो चुका है जल्द ही इसकी टेस्टिंग शुरू होगी इसके बाद लगभग एक माह में यह पाइपलाइन काम करने लगेगी। हमारा टारगेट गर्मियों के मौसम से पहले इस लाइन को शुरू करने का था लेकिन काम में देरी होने के कारण गर्मी के दौरान इस लाइन का काम पूरा नहीं हो सका लेकिन अब जल्द ही इसकी शुरुआत हो जाएगी यहां रेवती रेंज पर 12 लाख से अधिक पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है, 2 साल पहले यह पौधे लगाए गए थे अब पूरी तरह से यह विकसित हो चुके हैं और उनकी हाइट 4 से 5 फीट पहुंच चुकी है। हमारा लक्ष्य है कि पूरी पहाड़ी पर जितने पौधे हमने लगाए हैं वह सभी जीवित रहे। गर्मियों के दौरान इन्हें जीवित रखना सबसे बड़ी चुनौती नगर निगम के लिए होती है। बीते साल भी ट्रीटेड पानी के टैंकरों के माध्यम से दिया गया था इस वर्ष सभी प्रतिदिन 72000 लीटर ट्रीटेड वॉटर की व्यवस्था यहां 6 टैंकरों के माध्यम से की जा रही है।

एमआईसी सदस्य राठौर ने बताया कि हमारा प्रयास है कि गर्मियों के दौरान भी यहां लगे पेड़ पौधों को कोई नुकसान नहीं हो। इन्हें गर्मियों में भी जीवित रखा जाए। यहां जितने पौधे लगाए गए हैं उनकी गिनती की जा सकती है, क्योंकि रेवती रेंज पहाड़ी के नाम पर गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड 24 घण्टे में 12 लाख 42 हजार पौधें लगाए है। हमारा प्रयास है कि हमेशा इस पहाड़ी पर पौधों की संख्या रिकॉर्ड के अनुसार कायम रहे इसीलिए यहां एक भी पौधा अगर मरता है तो उसके स्थान पर दूसरा पौधा रिप्लेस कर दिया जाता है फिलहाल गर्मियों में पौधों के लिए अतिरिक्त छांव पानी की व्यवस्था की जा रही है।

नगर निगम जल यंत्रालय के अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि पूरे शहर में ट्रीटेड वॉटर के लिए 50 टैंकर चलाए जा रहे हैं इससे इंदौर शहर के सभी डिवाइडर ग्रीन बेल्ट और गार्डन में पानी देने का काम कर रहे हैं। ट्रीटेड वॉटर के लिए लगातार शहर के सभी 22 जोन से डिमांड आ रही है। उद्यान विभाग के मंत्री को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह अपने क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट डिवाइडर और उद्यान में लगने वाले ट्रीटेड वॉटर की डिमांड प्रतिदिन अपडेट करवाते रहें। रेवती रेंज के अलावा पितृ पर्वत बिचोली मरदाना, सिटी फॉरेस्ट सहित अन्य स्थानों पर ट्रीटेड वॉटर के टैंकर भेजे जा रहे हैं।

**ट्रीटेड वॉटर के लिए पाइपलाइन डालने का काम 1 साल बाद भी अधूरा**

# पिपलियाहाना से तीन इमली ब्रिज तक गमलों को रंगाई-पुताई कर चमकाया



**इंदौर।** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत पिपलियाहाना से लेकर तीन इमली ब्रिज तक निगम द्वारा सेंट्रल डिवाइडर के बीच रखे बड़े गमलों को रातों-रात रंगाई पुताई कर चमकाया जा रहा है। यही नहीं इसके अलावा अन्य प्रमुख सड़कों और मेंन रोड पर स्थित डिवाइडर के ऊपर भी गंगाई करने का काम किया जा रहा है। नहीं सर्वेक्षण की तैयारी के तहत दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाई जा रही है। रेजिडेंसी क्षेत्र की दीवारों पर भी आकर्षक पेंटिंग बनाने के साथ दीवारों पर चित्रकारी कर उन्हें चमकाया जा रहा है। साथ ही दूर से ही रंग बिरंगे गमले ब्रिज की सुंदरता और चार चांद लगा रहें हैं। यही नहीं रंग - बिरंगे गमलों को देखकर यहां से गुजरने वाले लोगों को भी सुकून मिल रहा है। साथी हरियाली के साथ खूबसूरती और स्वच्छता का भी संदेश निगम द्वारा दिया जा रहा।

**सर्वेक्षण से पहले निगम लगातार कर रहा है दीवारों पर चित्रकारी**

# स्कीम 78 के अंतर्गत हाउस नंबर 29 सीएस से 238 डीएस तक होगा सड़क सुधार कार्य

**इंदौर।** जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत वार्ड 32 में स्थित योजना 78 में हाउस नंबर 81 सीएस 2 से संख्या 29 सीएस 2 और मकान संख्या 238 से 184 डी एस 2 तक विभिन्न गलियों में सड़क सुधार और नव निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। जिसके अन्तर्गत निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासी परिवारों की मांग पर आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में आने वाले दिनों बेहद जल्द नई सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाने का काम शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम द्वारा टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत निविदा भी जारी कर दी गई है। यही नहीं कहा जा रहा बारिश से पहले निगम द्वारा सभी गलियों में सड़क सुधार और नवनिर्माण का कार्य एक साथ शुरू करने की तैयारी है।

**आधा दर्जन गलियों में बिछेगा सीमेंटेड सड़कों का जाल**

**योजना 78 क्षेत्र के हजारों परिवारों को नई सड़क बनने से होगा सीधा फायदा**

वहीं खास बात यह है कि योजना क्रमांक 78 में निगम द्वारा लंबे समय के बाद सड़क सुधार और निर्माण कार्य शुरू करने से क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवार को बारिश से पहले सड़क सुधार का कार्य शुरू होने से सीधा फायदा मिलेगा। सालों बाद कालोनी के रहवासियों की मांग पर सड़क का काम होने से लोगों को बारिश के दिनों में आधी-अधूरी सड़क की वजह से कीचड़ और गंदगी से भी बड़ी राहत मिलेंगी।

## संपादकीय

### तरबूज बना मौत की वजह? जहरीले रसायनों से फल-सब्जियों की खेती पर उठे बड़े सवाल

कच्चे फल-सब्जियों को पकाने और उनका आकार जल्दी बढ़ाने के लिए इंजेक्शन से उनके भीतर रसायन डाला जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदेह हो सकता है। स्वस्थ रहने के लिए फल और हरी सब्जियों का सेवन जरूरी माना जाता है। चिकित्सक भी लोगों को अपने रोजमर्रा के आहार में इन्हें शामिल करने की सलाह देते हैं। मगर इनकी पैदावार में जहरीले रसायनों का बढ़ता इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय बन गया है। फलों को समय से पहले पकाने, चमकदार बनाने और हरी सब्जियों का आकार जल्दी बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह के रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है, जो मनुष्य के लिए घातक हो सकते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल में मुंबई के पायधोनी इलाके में सामने आया, जहां तरबूज खाने के बाद एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों के आंतरिक अंगों और तरबूज के नमूनों में चूहे मारने की दवा के अंश पाए गए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तरबूज के अंदर यह दवा कैसे आई। इस बात की आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं तरबूज को पकाने के लिए तो इस दवा का इस्तेमाल नहीं किया गया। इस मामले में पुलिस की जांच के बीच अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर परिवार के चार सदस्यों की मौत के लिए जिम्मेदार कौन है? फसलों को कीटों और अन्य जंतुओं से बचाने के लिए कीटनाशक तैयार किए गए हैं, लेकिन इनका अंधाधुंध और अवैज्ञानिक इस्तेमाल अब मानव के स्वास्थ्य तथा जीवन पर भारी पड़ रहा है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि कच्चे फल-सब्जियों को पकाने और उनका आकार जल्दी बढ़ाने के लिए इंजेक्शन से उनके भीतर रसायन डाला जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदेह हो सकता है। हालांकि सरकार की ओर से कीटनाशकों की खरीद-बिक्री और इनके इस्तेमाल को लेकर नियम-शर्तें लागू की गई हैं, लेकिन इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करने में विभिन्न स्तरों पर लापरवाही साफ नजर आती है। ऐसे में इसकी नितांत जरूरत है कि संबंधित महकमे की ओर से नियमित तौर पर फल-सब्जियों की जांच की जाए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और हानिकारक रसायनों के इस्तेमाल से सेहत पर दुष्प्रभाव को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाई जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवन के साथ किसी तरह का खिलवाड़ न हो।

# पैतृक जमीन पर खंभे गाड़ने को लेकर विवाद

## बुजुर्ग पर डंडों से हमला, परिवार के 4 लोगों पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सिमरोल थाना क्षेत्र के चोरल इलाके में पैतृक जमीन पर कब्जे और खंभे गाड़ने की बात को लेकर एक ही परिवार के सदस्यों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने अपने ही परिवार के एक बुजुर्ग के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, चोरल निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग राधेश्याम पिता रतिपाल पवार की अपनी पैतृक जमीन को लेकर परिवार के ही अन्य सदस्यों से अनबन चल रही थी। घटना वाले दिन आरोपी पक्ष जमीन पर खंभे गाड़ने का प्रयास कर रहा था। जब राधेश्याम ने अपनी पैतृक जमीन पर खंभे गाड़ने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए और विवाद शुरू कर दिया।

देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपी सौरभ पवार, विकास पवार, आयुष पवार और निर्मला पवार ने मिलकर बुजुर्ग राधेश्याम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच आरोपियों ने लकड़ी के डंडों से उन पर हमला कर दिया। मारपीट में बुजुर्ग को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी उन्हें जान से खत्म करने की धमकी देकर वहां से चले गए।

## घर में अकेली महिला से छेड़छाड़ और झूमाझटकी, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसे आरोपियो ने छेड़छाड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पहले तो आरोपियों ने महिला के घर के सामने खड़े होकर गालियां दी और फिर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 38 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि जब वह अपने घर में अकेली थी, तभी बाबू कुशवाह निवासी सांई बाग कॉलोनी और दीपक कुशवाह निवासी बिलावली तालाब वहां पहुंचे। दोनों आरोपी घर के सामने खड़े होकर गालियां देने लगे। इसी बीच आरोपी बाबू कुशवाह ने महिला को देखते हुए अश्लील इशारे किए और जबरन उसके घर के अंदर घुस गया। घर में घुसकर आरोपी बाबू कुशवाह ने बुरी नीयत से महिला का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब पीड़िता ने शोर मचाया और विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी की। इस दौरान आरोपियों ने महिला को मुंह बंद रखने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद पीड़िता ने तेजाजी नगर थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी बाबू कुशवाह और दीपक कुशवाह के खिलाफ घर में घुसने, छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## 500 की मटन उधारी को लेकर कड़े से वार कर दो भाइयों के सिर फोड़े

**इंदौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमदा में उधारी के महज 500 रुपये को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मटन की उधारी नहीं चुका पाने पर एक युवक ने दो भाइयों पर लोहे के कड़े से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाई घायल हुए हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम सेमदा निवासी सुभाष पिता रमेश केवट ने गांव के ही संदीप पिता धारासिंह से कुछ समय पहले 500 रुपये का मटन उधार लिया था। सुभाष ने वादा किया था कि वह दो-चार दिन में पैसे चुका देगा। बीती सुबह जब संदीप ने अपनी उधारी मांगी, तो सुभाष ने असमर्थता जताते हुए कहा कि अभी पैसे नहीं हैं, बाद में दे दूंगा।?इतनी सी बात पर संदीप आगबबूला हो गया और गालियां देने लगा। विवाद बढ़ता देख जब सुभाष का भाई पवन बीच-बचाव करने आया, तो आरोपी संदीप ने अपने हाथ में पहने लोहे के कड़े से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में सुभाष और पवन दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायलों ने देपालपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## छत की चद्दर हटाकर पान दुकान में घुसे चोर

### ढाई लाख से अधिक की सिगरेट और नकदी ले उड़े

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिचौली मर्दाना स्थित एक पान की दुकान में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। शातिर चोरों ने दुकान की छत पर लगी चद्दर को हटाकर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी कीमती ब्रांडेड सिगरेट, पान मसाला और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार संपत हिल निवासी फरियादी भवानी सिंह पिता उम्मेद सिंह की दुकान में यह चोरी हुई। बीती रात अज्ञात आरोपियों ने दुकान के ऊपरी हिस्से की चद्दर काटकर रास्ता बनाया और अंदर दाखिल हुए। आरोपियों ने दुकान से करीब 1,06,610 रुपये मूल्य की आईडीसी कंपनी की सिगरेट, 67,673 रुपये की मालबरो सिगरेट और 37,010 रुपये का पान मसाला चुरा लिया। इसके अलावा चोर 27,500 रुपये का अन्य सामान और गल्ले में रखे करीब 22 से 25 हजार रुपये नकद भी लेकर फरार हो गए। सुबह जब पीड़ित दुकान पर पहुंचा तो चद्दर हटी देख चोरी का पता चला। सूचना मिलने पर कनाड़िया पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। जिस सफाई से वारदात को अंजाम दिया गया है, उससे आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों को दुकान में रखे कीमती स्टॉक की पहले से जानकारी थी।

## नल में कम पानी आने की बात पर विवाद

### पड़ोसी ने महिला के साथ की मारपीट

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गायकवाड़ में मामूली बात पर एक महिला के साथ पड़ोसी ने मारपीट कर दी। नल में पानी कम आने और नाली बंद करने जैसी छोटी सी बात पर पड़ोसी ने उग्र होकर महिला पर हमला कर दिया और उसे जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गायकवाड़ निवासी रीतु पति सुनील वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके ही गांव में रहने वाले राजेश पिता जोहरी वर्मा ने उनके साथ अभद्रता की। विवाद तब शुरू हुआ जब आरोपी राजेश नल में पानी कम आने की शिकायत और नाली बंद करने की बात को लेकर बहस करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी राजेश ने रीतु के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि अगर दोबारा ऐसी बात हुई तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। पुलिस ने आरोपी राजेश वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सी-21 और मल्हार मॉल में पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड्स को दिए खास टिप्स

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के व्यस्त शॉपिंग जोन विजयनगर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। एसीपी पराग सैनी और थाना प्रभारी विजयनगर के नेतृत्व में विजय पुलिस टीम द्वारा सी 21 और मल्हार मॉल का विस्तृत सिक्योरिटी ऑडिट किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाना है।

सिक्योरिटी ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मॉल की सुरक्षा टीम के साथ विशेष बैठक आयोजित की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। पुलिस टीम ने सुरक्षा गार्ड्स को संदिग्ध व्यक्तियों, लावारिस वस्तुओं और संदिग्ध वाहनों की पहचान करने के वैज्ञानिक तरीके समझाए। साथ ही उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को किस तरह दी जानी चाहिए। आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मॉल परिसर में प्रमुख स्थानों पर पुलिस के हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करवाए गए हैं। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिसर में सुरक्षा संबंधी पर्चे भी चस्पा किए गए, ताकि आम नागरिक और सुरक्षा कर्मचारी अधिक सतर्क रह सकें। पुलिस का मानना है कि इस प्रकार के सिक्योरिटी ऑडिट से मॉल परिसर में आने वाले नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिलेगा और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा।

## भजन के माध्यम से यातायात जागरूकता का आज होगा समापन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नन्हे यातायात सिपाही आदित्य तिवारी का 15 मार्च से रणजीत हनुमान मंदिर में भजन के जरिये यातायात जनजागरूकता अभियान शुरू हुआ था। इस अभियान का समापन 101वें सौपान के रूप में आज खजराना गणेश मंदिर में होने जा रहा है। शाम 5 से 7 बजे तक इस यातायात प्रहरी को आशीर्वाद देने कई जागरूक और श्रद्धालु पहुंचेंगे। उक्त जानकारी संगीता तिवारी ने दी।

## माँ है परिवार की आधारशिला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी सेवा केन्द्र ने रामबाग सेवा केन्द्र पर मातृ दिवस के उपलक्ष्य में माँ परिवार की आधारशिला है पर कार्यक्रम आयोजित किया। रीता मित्र, हेमा शिंदे, छाया बहन, ज्योति शर्मा, चन्द्रकला बहन, भाग्यश्री वाकणकर सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई। रीना, काव्य वर्मा ने अपनी माँ का बखान करते हुए उनका सम्मान किया एवं रिद्धि व सिद्धि ने माँ की महिमा पर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों को ईश्वरी सौगात भेंट की गई।

# बंगाल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत शुभेंदु अधिकारी होंगे बंगाल के नए मुख्यमंत्री

**बीते 100 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष और रक्तरंजित टकराव पर विराम की उम्मीद की सरकार**

**बंगाल में होगा अब 'जो हमारे साथ, हम उसके साथ' का आगाज़**

हिन्दुत्व, आक्रामक नेतृत्व और बंगाल मॉडल की राष्ट्रीय दस्तक, हिन्दुत्व आधारित राजनीति का बंगाल से पूरे राष्ट्र में विस्तार, यूपी के योगी, असम के हेमन्त बिस्वा सा अंदाज अब बंगाल से पूरे राष्ट्र में जातिवाद से ऊपर की राजनीति का उदाहरण बना बंगाल। हिंदुत्व के नारे को बुलंद कर शुभेंदु अधिकारी ने सबका साथ,सबका विकास,को गलत ठहराते हुए कहा कि बंगाल में अब जो हमारे साथ, हम उसके साथ। ये एक बड़ा और चुनौतीपूर्ण आगाज है। जो पूर्ण हिंदुत्व का उदाहरण पेश किया है।जिससे कि अब बंगाल को एक नया आक्रामक नेतृत्व स्पष्ट हो गया है जो प्रदेश को स्वतंत्र रूप से चलाएंगे, न कि रबर स्टाम्प की तरह। यह भी तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। मुख्यमंत्री पद की शपथ शुभेंदु अधिकारी लेने जा रहे हैं और इसे भाजपा के सबसे बड़े राजनीतिक संदेशों में से एक माना जा रहा है। शुभेंदु अधिकारी केवल संगठनात्मक नेता नहीं, बल्कि बंगाल की जमीन और वहां की राजनीतिक वास्तविकताओं को गहराई से समझने वाले चेहरे माने जाते हैं। तस्वीर साफ है जो प्रदेश में शुभेंदु के साथ होगा, तभी अधिकार उनके साथ होगा।

पश्चिम बंगाल की राजनीति अब केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और आक्रामक नेतृत्व की नई दिशा के रूप में देखी जा रही है। शपथ ग्रहण समारोह में शुभेंदु अधिकारी बंगाल के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ ही बंगाल की राजनीति में एक नए और आक्रामक अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

भाजपा समर्थक वर्ग इस पूरे घटनाक्रम को 'बंगाल मॉडल' के रूप में देख रहा है, जहां जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद, हिन्दुत्व और मजबूत नेतृत्व की राजनीति को निर्णायक जनसमर्थन मिला है। यही कारण है कि बंगाल के परिणामों को अब सीधे 2027 और 2029 की राष्ट्रीय राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। चुनाव परिणामों के बाद सामने आई हिंसक घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल में सत्ता परिवर्तन केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष का भी प्रतीक बन चुका है। हमले, विस्फोट और तनावपूर्ण माहौल इस बात की ओर संकेत कर रहे हैं कि बंगाल अभी भी राजनीतिक हिंसा की पुरानी परंपरा से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाया है।

यदि बीते सौ वर्षों को देखा जाए तो बंगाल राजनीतिक संघर्षों और रक्तरंजित टकरावों का केंद्र रहा है। 1946 के डायरेक्ट एक्शन डे से लेकर नोआखली तक की घटनाओं ने इसकी छवि को प्रभावित किया। लेकिन यही बंगाल 'वन्दे मातरम्', 'जय हिन्द' और राष्ट्रवाद की सबसे मजबूत आवाजों की भूमि भी रहा है। आज हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद का पुनः उभार कई लोगों के लिए वैचारिक पुनर्जागरण के रूप में देखा जा रहा है। यहां तक कि बंगाल एक हिन्दुत्व के दृष्टिकोण से अब आजाद हुआ है। शुभेंदु अधिकारी के भाजपा में आने के बाद से ही उन्होंने बंगाल में आक्रामक राजनीतिक शैली अपनाई और हिन्दुत्व आधारित विमर्श को खुलकर आगे बढ़ाया। साथ ही 'सबका साथ, सबका विकास' नारे पर असहमति जताते हुए कहा कि बंगाल में अब राजनीति 'जो हमारे साथ, हम उसके साथ' के सिद्धांत पर आगे बढ़नी चाहिए। भाजपा समर्थकों का एक वर्ग इसे नई राजनीतिक दिशा और वैचारिक स्पष्टता के साथ बंगाल आजाद के संकेत मान रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार शुभेंदु अधिकारी की शैली में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हेमंता बीसवां शर्मा जैसी आक्रामक राजनीतिक स्पष्टता दिखाई देती है। समर्थकों का मानना है कि बंगाल जैसे संवेदनशील प्रदेश में केवल प्रशासनिक चेहरा नहीं, बल्कि मजबूत स्वतंत्र राजनीतिक इच्छाशक्ति वाला नेतृत्व ही आवश्यक है। इसी कारण भाजपा समर्थकों के बीच यह चर्चा तेज है कि बंगाल में किसी 'रबर स्टाम्प' नेतृत्व के बजाय मजबूत और स्वतंत्र निर्णय लेने वाले चेहरे को आगे लाया गया है। माना जा रहा है कि शुभेंदु अधिकारी को यदि स्वतंत्र निर्णय लेने की छूट मिलती है, तो वे कानून व्यवस्था, राजनीतिक हिंसा और संगठनात्मक विस्तार — तीनों मोर्चों पर आक्रामक तरीके से काम कर सकते हैं।

इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सीमाओं पर सख्त नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के संकेत भी चर्चा में हैं। बंगाल की सीमाओं को लेकर लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध घुसपैठ पर बहस होती रही है। ऐसे में नई सरकार के सामने सीमा प्रबंधन और आंतरिक सुरक्षा भी बड़ी चुनौती रहने वाली है। बंगाल की राजनीति अब केवल क्षेत्रीय राजनीति नहीं रह गई है। इसका प्रभाव सीधे 2027 और 2029 की राष्ट्रीय राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा के भीतर भी राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और मजबूत नेतृत्व की राजनीति को लेकर नई बहस तेज हुई है। वहीं जातीय समीकरणों पर आधारित राजनीति के बजाय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आधारित राजनीति को बंगाल में नए उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। बीते 100 वर्षों से राजनीतिक संघर्ष, वैचारिक टकराव और रक्तरंजित हिंसा की छवि से जूझते रहे बंगाल से अब एक नई उम्मीद जुड़ गई है। भाजपा समर्थकों का मानना है कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं बल्कि स्थिरता, मजबूत प्रशासन और वैचारिक स्पष्टता की ओर बढ़ सकता है। यही कारण है कि इस नई सरकार को बंगाल में रक्तरंजिश और राजनीतिक टकराव के लंबे दौर पर विराम लगाने वाली सरकार के रूप में भी देखा जा रहा है।

**-अंशुल पंडित**









## आज सुबह से शुरू हुई नेशनल लोक अदालत

**नगर निगम और विद्युत मंडल कर रहा है पुरानी बकाया राशि जमा करने पर छूट देने का काम**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज सुबह से नेशनल लोक अदालत शुरू हुई, इसमें लोक अदालत द्वारा सम्पत्ति कर और जल कर के सरचार्ज में निर्धारित छूट दी जा रही है। वहीं जो लोग अग्रिम सम्पत्ति एवं जल कर जमा कर रहे हैं उन्हें भी सवा 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। सभी झोन और निगम मुख्यालय पर नेशनल लोक अदालत के अन्तर्गत पुराने बकाया और अग्रिम कर को लेकर राशि जमा की जा रही है और निर्धारित छूट दी जा रही है। बड़ी राशि निगम के खजाने में आज जमा होने की संभावना है। वहीं विद्युत मंडल भी आज अपने झोनों पर पुराने बकाया और अन्य राजीनामा मामलों में पैसे जमा कराने और छूट देने का काम इस नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कर रहा है।



## भागवत प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों से परिचय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भागवत प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन वीर बच्चा हनुमान और एलाइट स्ट्राइकर ने अपने मुकाबले जीते वहीं देव वॉरियर और रणजीत हनुमान की टीमें अपने मैच हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पदाधिकारियों और मेहमानों ने टीमों से परिचय लिया। कमेटी टीम और समाज के पत्रकारों की टीम के बीच भी मुकाबला हुआ। इसके पहले पालीवाल ब्राह्मण समाज की 44 श्रेणी की निर्वाचित कार्यकारिणी की टीम का मैच पालीवाल समाज 24 श्रेणी की कार्यकारिणी की टीम से हुआ जिसमें राकेश जोशी की कप्तानी में 24 श्रेणी की टीम ने विजय प्राप्त की। अतिथि भूपेन्द्र केसरी, नितिन शर्मा, सुरेश तिवारी, रुद्र तिवारी, अश्विनी शुक्ल थे।

## यात्री बसों की चैकिंग में 5 लाख का जुर्माना

**7 बसों के फिटनेस निरस्त-पांच बसें जब्त**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला प्रशासन और आरटीओ की संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए अभियान चलाकर यात्रियों की सुरक्षा के लिए यात्री बसों की गई सघन जांच की गई। अनियमितताएं और लापरवाही पाये जाने पर 7 बसों के फिटनेस निरस्त किए गए। पांच बसें जब्त की गई और इन पर 5 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। क़लेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रशासन और आरटीओ टीम ने बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। इंदौर शहर में लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित



दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही, विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज के वाहनों की सघन जाँच की जा रही है। नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई भी की गई। आरटीओ प्रदीप शर्मा, एआरटीओ राजेश गुप्ता, एसडीएम घनश्याम धनगर और उड़नदस्ता टीम मौजूद रही।

## खाने के पैसे मांगना ढाबा संचालक को पड़ा भारी

**बीच सड़क पर की मारपीट, जान से मारने की धमकी दी**

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के धरमपुरी इलाके में भोजन के बिल को लेकर हुए विवाद में ढाबा संचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने भोजन करने के बाद पैसे देने से इनकार कर दिया और जब संचालक ने अपने हक के पैसे मांगे, तो उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, धरमपुरी सांवेर निवासी गोपाल पिता बबलू कंसल इलाके में ही भोजनालय संचालित करते हैं। शिकायत के मुताबिक, आरोपी दिनेश यादव (फ्लेक्सी केब कंपनी), अजय पिता दिनेश सोनी और शारदा पति दिनेश ने गोपाल के भोजनालय पर खाना खाया था। भोजन करने के बाद जब गोपाल ने बिल के पैसे मांगे, तो आरोपी विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने भोजनालय के सामने ही गोपाल के साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को गालियां दीं और उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर जब आसपास के लोग जमा हुए, तो आरोपी गोपाल को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पीड़ित गोपाल की शिकायत पर सांवेर पुलिस ने आरोपी दिनेश यादव, अजय और शारदा के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।



# जिला हैंडबॉल टीम घोषित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राज्य स्तरीय बालक व बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता 10 से 12 मई तक जिला अशोकनगर के मुस्कान पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने इंदौर जिला टीम घोषित की।

इंदौर जिला (बालक) युवराज करोड़े (कप्तान), शुभ चित्रे, वासुदेव पाटीदार, विकाश मुनिया, रुद्र कुशवाह, समर्थ आदमने, मुस्तफा अली, चेतन पटेल, आशुतोष यादव, शिवम बिलवालिया, प्रद्युम्न सिंह राठौर, गोविंद तिवारी, प्रिंस चौधरी, आर्यन बामनिया, शिवम भाबोर, संदीप परमार, कृष्णा तोमर, सक्षम चौधरी, कोच शुभम भगत, मैनेजर राजू शर्मा। इंदौर जिला (बलिका) अदिति राठौर (कप्तान), लक्ष्मी जैन, भव्या चौधरी, आराध्या मालवीय, धनवी लाड, राधारानी मिश्रा, यसीता जोशी, मनजोत कौर, समरप्रीत संधू आराध्या तोमर, आयुषी शर्मा, दीक्षा, कोच मोनिका ठाकुर, मैनेजर कल्पना मालवीय। इंदौर कॉर्पोरेशन (बालक) सावन चौहान (कप्तान), दीनेश डुडवे, ओमप्रकाश सोलंकी, नवीन परमार, गोलू चारेल, लोकेश गुड़िया, निश्चय पालियां, ध्रुव यादव, अनीश आदमने, वेदांत मंगरोलिया, हंसराज झा, अजीतसिंह बेस, आदित्य जगदाले, विकाश कोचरे, कनिष्क मुकाती, धुंवेंद्र सिंह, कोच कमलेश चौहान, मैनेजर साईं यादव है। उक्त जानकारी हरदीप सिंह रुप्पल ने दी।

## न्यूज इन बॉक्स

### लश्करी ने जीता रजत पदक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल के कक्षा 3 के छात्र आधावन लश्करी ने इंटर-स्कूल फेंसिंग चैम्पियनशिप में प्रदर्शन करते हुए अंडर-8 वर्ग के फॉइनल इवेंट में रजत पदक हासिल किया है। इसके साथ ही आधावन विद्यालय के इतिहास में फेंसिंग खेल अपनाने वाले और इस खेल में पदक जीतने वाले पहले छात्र बन गए हैं।



### ओपन इनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा

**इंदौर।** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा अयोजित 14 मई को एक दिवसीय संजय कासलीवाल मेमोरियल ओपन ईनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है । ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी व सचिव शैलेंद्र पाबले ने जानकारी दी कि यह स्पर्धा दो वर्गों में अंडर 10 व अंडर 15 वर्ष में होगी । स्पर्धा महावीर बाल संस्कार केन्द्र द्वारा संचालित संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस एकेडमी 52 कंचन बाग पर शाम 5.3० बजे से खेली जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी 12 मई तक 52 कंचन बाग एकेडमी पर पीयूष जमींदार से संपर्क कर सकते हैं।

### ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**इंदौर।** जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित 46 वां ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हॉल इंदौर में दिनांक 08 मई 2026 से 29 मई 2026 तक। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर.पी.सिंह नैयर ने बताया कि शिविर सुबह और शाम, दो सत्रों में लगेगा, शिविर में सुधांशु व्यास, राज्य खिलाड़ी मनीष त्रिवेदी, पूर्व राज्य विजेता रुबी नैयर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन यह शिविर प्रतिवर्ष आयोजित करता हैं, शिविर के अंत में शिविरार्थियों के लिए बैडमिंटन स्पर्धा भी आयोजित करता है। ग्रीष्मकालीन शिविर मे खिलाड़ियो को बेडमिंटन के नियमो, व्यायाम व खेल की बारीकियों की जानकारी दी जाएगी।

# टीम इंडिया के सिलेक्टर के साथ DC vs KKR आईपीएल मैच देखने पहुंचे गंभीर

**नईदिल्ली.एजेंसी।** टीम इंडिया के हेड कोच शुक्रवार, 8 मई को अ़ ने ख्ब्रें मैच देखने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सिलेक्टर आरपी सिंह भी मौजूद थे। दोनों के बीच लंबी बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है।

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर शुक्रवार, 8 मई की शाम दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस कोलकाता नाइट राइडर्स का आईपीएल मैच देखने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे। गंभीर के दिल में दोनों ही टीमों के लिए खास जगह है। केकेआर को वह 2012 और 2014 में बतौर कप्तान चैंपियन बना चुके हैं। वहीं 2024 में बतौर मेंटोर इस टीम ने अपना खिताब जीता था। वहीं दिल्ली की टीम से ही उनका आईपीएल करियर शुरू हुआ था और इसी टीम के लिए उन्होंने अपने आईपीएल करियर का आखिरी मैच भी खेला था। गंभीर अकेले ही अ़ ने ख्ब्रें मैच देखने नहीं आए थे, उनके साथ टीम इंडिया के सिलेक्टर आरपी सिंह भी मौजूद थे। दोनों को मैच के दौरान लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। उनके साथ बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद थे।



गंभीर लगभग 2 साल के बाद मैदान पर आईपीएल मैच देखने पहुंचे। वहीं ँण्ण्ह सिलेक्टर्स घ्ध्र् 2026 के दौरान उभरते हुए खिलाड़ियों को देखने के लिए लगातार मैच में आ रहे हैं। गेम के दौरान गंभीर और आरपी सिंग की मौजूदगी ने फैंस का ध्यान खींचा।

फिन एलेन के 47 गेंद में नाबाद शतक और अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है।

पहले गेंदबाजी करते हुए केकेआर ने दिल्ली को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया था। जवाब में जीत का लक्ष्य 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें 'इंपैक्ट सब ' एलेन ने 47 गेंद में पांच चौकों और दस छक्कों की मदद से नाबाद सौ रन बनाए। एलेन ने मुकेश कुमार को छक्का लगाकर तिहरे अंक को छुआ और टीम को जीत भी दिलाई। इस जीत के बाद केकेआर दस मैचों में नौ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली 11 मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पाथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने।

केकेआर के लिये नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरूण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाये। तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिये।

### वॉरियर जर्नी डोजो के 4 खिलाड़ियों का चयन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर की वॉरियर जर्नी डोजो के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय फेंसिंग कैडेट ट्रायल में प्रदर्शन करते हुए 4 खिलाड़ियों का चयन चिमनबाग इंदौर फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा में राज्य स्तरीय फेंसिंग कैडेट ट्रायल 2026 के लिए सुनिश्चित किया। जिसमें ट्रायल्स के प्रभारी कौशल शिवारे रहे। चयनित खिलाड़ियों में अश्विन राठौर का चयन बालक फॉइल वर्ग में, वैष्णवी बोरकर का चयन बालिका फॉइल वर्ग में तथा हृदिमा जगताप एवं नुर्वी जोशी का चयन बालिका सेबर वर्ग में हुआ। यह सभी चयनीत खिलाड़ी आज भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय फेंसिंग कैडेट ट्रायल 2026 में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कोच हरिओम परमार, प्रशिक्षक करण साहू ने बधाई दी है।

### रजनीश जैन हुए सम्मानित

**इंदौर।** शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 न केवल अपने रोमांचक मुकाबलों के लिए बल्कि अपनी उत्कृष्ट तकनीकी व्यवस्था के लिए भी विशेष रूप से चर्चा में रही। इस टूर्नामेंट को तकनीकी दृष्टि से सफल बनाने में ऐली स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। डिजिटल रिकॉर्ड — प्रत्येक मैच का सम्पूर्ण डेटा डिजिटल प्रारूप में संग्रहीत किया गया। यह रिकॉर्ड भविष्य में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के विश्लेषण एवं चयन प्रक्रिया में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीमती सीमा भंडारी ने श्री रजनीश जैन को उनके खेल जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर आईडीबीए के अध्यक्ष अनिल भंडारी, मानद सचिव आर. पी. सिंह नैय्यर, श्रीमती कमल नैय्यर एवं श्री केतन भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने ऐली स्पोर्ट्स के तकनीकी सहयोग की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी इस प्रकार की तकनीकी साझेदारी को जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

# 52 वे ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस शिविर का शुभारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वाधान में 52 वा ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस शिविर आज से प्रारंभ हो गया । शिविर 31 मई तक अभय प्रशाल एवं नेहरू स्टेडियम पर एक साथ संचालित किया जा रहा है।

शिविर में बड़ी संख्या मैं खिलाड़ियों ने अपनी रुचि दिखायी है ।अनुभवी प्रशिक्षकों के रूप में प्रमोद सोनी,गगन चंद्रावत, निलेश परदेशी, कलीम खान, कुणाल ठाकुर अपनी सेवाएं देंगे। ग्रीष्मकालीन शिविर में उपरोक्त अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को टेबल टेनिस की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा खिलाड़ियों की फिटनेस एवं मानसिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान देंगे। शिविर में प्रवेश अभी प्रारंभ है ।भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 12 मई तक अपनी प्रविष्टियां प्रशिक्षण स्थल पर प्रस्तुत कर सकते हैं। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश वेद के मुख्य आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के चेयरमैन ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन से जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, जिला सचिव नीलेश वेद, गौरव पटेल, शैलेश वेद उपस्थित रहे।



# बेटमा में फिर हत्या: लापता युवक को पत्थर से सिर कुचलकर मौत के घाट उतारा, 72 घंटे में दूसरी वारदात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बेटमा थाना क्षेत्र में 3 दिन के भीतर हत्या की दूसरी वारदात से सनसनी फैल गई।एक दिन पहले लापता हुए ग्राम घाटाबिल्लौद के युवक की पत्थर से सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसका शव बीती रात इंदौर-अहमदाबाद रोड पर चंबल नदी के समीप झाड़ियों में मिला। हैरानी की बात यह है कि पुलिस अभी एक कंपनी कर्मचारी की लूट और हत्या की गुत्थी सुलझा भी नहीं पाई थी कि हत्यारों ने एक और वारदात कर पुलिस की गश्त और सुरक्षा दावों को चुनौती दे दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान समीर पिता सोहराब पटेल, निवासी ग्राम घाटाबिल्लौद के रूप में हुई है। समीर 7 मई की शाम करीब 7 बजे घर से बिना बताए निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। भाई आदिल पटेल ने 8 मई को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रात करीब 10:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि चंबल नदी के पुल के आगे गुड्डू हिंदुस्तान की जमीन पर एक युवक की लाश पड़ी है। परिजनों ने मौके पर पहुँचकर समीर की शिनाख्त की। वारदात स्थल का मंजर बेहद खौफनाक था। समीर का चेहरा और सिर पत्थरों से बुरी तरह कुचला गया था, जिससे उसके दांत तक टूट गए थे। शव के पास ही खून से सने बड़े पत्थर और उसकी चप्पलें पड़ी मिलीं। आशंका जताई जा रही है कि किसी परिचित या रंजिश रखने वाले व्यक्ति ने सुनसान इलाके में ले जाकर इस वीभत्स हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस अब समीर के मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाल रही है ताकि आखिरी समय में उसके संपर्क में रहे लोगों का पता लगाया जा सके।

**चंबल नदी के पास मिला रक्तरंजित शव**

बेटमा क्षेत्र में महज दो दिन पहले सिंधीपुरा कच्चा रोड पर ड्यूटी से लौट रहे कंपनी कर्मचारी राहुल पंवार की मोबाइल लुटेरों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। इस मामले में एसपी (ग्रामीण) के निरीक्षण और कड़े निर्देशों के बावजूद देहात पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। एक के बाद एक हुई इन वारदातों ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नशे में धुत ट्रैक्टर चालक स्टेयरिंग पर झूल रहा था

**यातायात पुलिस जवानों की निगाह पड़ी तो रोका, हादसा टला**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नवलखा चौराहा पर शाम के समय यातायात का दबाव ज्यादा ही रहता है और ऐसे समय एक ट्रैक्टर जिसका नम्बर एमपी-28 एडी 1254 है उस ट्रैक्टर के आगे बड़ी प्लेट नगर निगम की लगी हुई थी, जिस पर झोन 12 लिखा हुआ था। इस ट्रैक्टर का चालक कभी हलकी-फुलकी आंख खोल रहा था और जैसे-तैसे ट्रैक्टर चला रहा था और पीछे दो लोग बैठे थे, ऐसी स्थिति पर यातायात जवानों की निगाह पड़ गई और उनकी सूझबूझ से संभावित दुर्घटना टल गई। यह ट्रैक्टर कल शाम करीब 5.45 बजे तीन इमली की ओर से नवलखा चौराहा की तरफ आया, चालक ने नशे में ही अपना नाम पप्पू बघेल बताया। आगे नगर निगम के कार्य की बड़ी तख्ती लगी हुई थी। नवलखा चौराहा पर तैनात यातायात पुलिस के एएसआई अनिल चौहान, आरक्षक रविंद्र जामोद, प्रवीण डावर और ट्रैफिक प्रहरी मंशाराम दामोदर ने तत्काल इस ट्रैक्टर को बीच चौराहा पर ही रोक लिया। चालक नशे में धुत था और उसको वाहन चलाने की भी समझ नहीं पड़ रही थी और यहां यातायात का दबाव भी था। पुलिस की तत्परता से गाड़ी भले ही बीच रोड में रोकी गई और हादसा बचा। यातायात पुलिस कर्मियों ने इस चालक को बड़ी मुश्किल से नीचे उतारा और इसकी जांच की तो शराब की पुष्टि हुई। चालक दस्तावेज भी बताने की स्थिति में नहीं था। यातायात पुलिसकर्मियों ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर भंवरकुआं पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। यह तो गनीमत है कि यातायात पुलिसकर्मी समय पर चेत गए और उन्होंने इस ट्रैक्टर को आगे बढ़ने के बजाए बीच में रोका। ट्रैक्टर चालक को जब नीचे उतारा और बैठाया तो वह वहीं बेसुध होकर लेट गया इससे आभास हुआ कि अगर कुछ ही सैकंड की और देरी होती और वह ट्रैक्टर चलाता तो कुछ भी अनहोनी हो सकती थी, लोगों ने यातायात पुलिसकर्मियों की इस सजगता पर साधुवाद दिया है।





# ई-रिक्शा पलटी सवारी को आई चोटें एक को हुआ फ्रैक्चर



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किला मैदान रोड के इन्दौर वायर कालका माता चौराहा पर ई रिक्शा को टर्न लेने में पलटी हो गई। सवारी बैठी हुई थी सभी गिर गए उसमें से एक महिला एक पुरुष का पैर फेक्चर हो गया सभी लोगों की मदद से तुरंत रिक्शा में वर्मा हॉस्पिटल भिजवाया गया बाद में मौके पर यातायात पुलिस 112 गाड़ी आ गई थी बाद में मौके पर यातायात पुलिस 112 गाड़ी आ गई थी मौके पर निगम की टीम पहुंची और सभी की मदद से घायल हुए लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया।



# क़चरे के ढेर में लगी आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

राऊ थाना क्षेत्र के आदर्श कोल्ड स्टोरेज के समीप खाली जगह पर पड़े कचरे के ढेर में आग लग गई। आग की सूचना राहगीरों ने पहले नगर परिषद टीम को दी जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। नगर परिषद टीम के राजदीप (मामा), संतोष चौधरी, राहुल शिंदे, जितेंद्र सिहोते ने आग बुझाने में मदद की। इधर कल राजेन्द्र थाना क्षेत्र में भी एक कचरे के ढेर में लगी थी। इस आग की चपेट में आठ वाहन भी आ गए थे।

# पुराने विवाद में चलाए लट्ठ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। खुडैल थाना क्षेत्र के भद्रकाली मंदिर अरणिया कुण्ड में रहने वाले स्वामी त्रिवेणी गिरि पिता कपिल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि पुराने विवाद में उसके साथ गालियां दी और लट्ठ से मारपीट भी की। कान्हा उर्फ कृष्णपाल पंवार पिता गट्टू सिंह पंवार निवासी अरणिया कुण्ड ने गालियां देते हुए धमकाया और फिर लट्ठ से मारपीट की। कई बार गाली देने और धमकाने से रोका तो डंडों से पैर में कुटाई कर दी। पुलिस ने स्वामी की शिकायत पर कान्हा के खिलाफ कई धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया।

# दो वाहन चोर धराए बाइक भी जब्त

***मंदिर में बने कमरे का ताला तोड़कर चुराई थी वहां रखी बाइक***

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देपालपुर पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा किया है और दो वाहन चोर को पकडा है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि ताले बंद कमरे में अंदर रखी बाइक तक चुराकर ले गए। 7 मई को रात 9.30 बजे से 10.30 बजे के बीच मंदिर प्रांगण में बने कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी सीडी डॉन बाइक चुरा ली। शिकायत के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसके बाद विजय पिता मेसरसिंह मौर्य निवासी छोटी कलमेर और रतन पिता चम्पालाल परमार निवासी ग्राम छोटी कलमेर को पकडा और पूछताछ की। दोनों ने बाइक चोरी करना कबूल किया।



पुलिस को चौबीस अवतार मंदिर में बने कमरे में रखी बाइक चोरी की शिकायत की गई थी जिसके बाद पुलिस ने सीटीटीवी फुटेज खंगाल कर चोर को पकडा।

# ट्राली बैग और बोरे में शराब ले जाते पकडाया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छत्रीपुरा पुलिस ने गंगवाल बस स्टेण्ड पर चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोका और जांच की। पुलिस ने एक सफर बैग और एक प्लास्टिक के बोरे में रखी अंग्रेजी शराब की 168 कैन और 84 लीटर शराब जब्त की। जिसकी कुल कीमत साढ़े 23 हजार रु. बताई गई। पुलिस ने अंकित पिता महेश सिसोदिया निवासी ग्राम मिर्जापुरा को पकडा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।